




दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 308/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शनिवार 01 जुलाई 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in




## नीरज चोपड़ा ने फिर रचा इतिहास, लुसाने डायमंड लीग में जीता गोल्ड

**नई दिल्ली।** ओलंपिक में इतिहास रचने वाले भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर जोश, जज्?बे और जुनून के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का नाम ऊंचा किया है। नीरज चोपड़ा ने लुसाने डायमंड लीग में स्?वर्ण पदक जीता है। यह नीरज का ओवरऑल डायमंड लीग का चौथा स्?वर्ण



पदक है। इससे पहले चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में भी गोल्ड जीता था। डायमंड लीग में नीरज की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। उन्?होंने पहला थ्रो ही फाउल किया। इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की और 87.66 मीटर भाला फेंककर गोल्?ड पर कब्?जा किया। वहीं लॉन्ग जंपर मुरली उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सके। उन्?हें ओवरऑल 5वें स्थान से संतोष करना पड़ा।

25 वर्षीय नीरज चोपड़ा ने लुसाने डायमंड लीग में ही पहला थ्रो फाउल कर दिया। इसके बाद नीरज ने 83.51 और 85.04 मीटर के थ्रो किए। लेकिन, इसके बाद भी वह अपने बेस्ट से काफी दूर रहे। चौथे थ्रो में नीरज ने और दम लगाया, लेकिन वह भी फाउल चला गया। टोक्यो ओलंपिक 2020 में गोल्?ड जीतने वाले नीरज ने इसके बाद 87.66 का थ्रो करके अपना बेस्ट दिया और उन्?होंने अपना अंतिम थ्रो 84.15 मीटर का किया।

## केजरीवाल,भगवंत आज ग्वालियर में



**ग्वालियर।** आम आदमी पार्टी के प्रमुख व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान आज ग्वालियर अंचल में विधानसभा चुनाव का शंखनाद करने के लिए दोपहर दो बजे चार्टर प्लेन से आ रहे है। इस दौरान मेला ग्राउंड में जनसभा को केजरीवाल औरा मान संबोधित करेंगे साथ ही एक घंटा पार्टी के कार्यकताओं के साथ वीआइपी सर्किट हाउस में विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा करेंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी के शहडोल आगमन पर उनका अभिनंदन है

# आज का दिन प्रदेश के साथ ही देश के लिए महत्वपूर्ण:चौहान




**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आज दिन मध्यप्रदेश के साथ ही देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी शहडोल पधार रहे हैं। मध्यप्रदेश की धरती पर प्रदेशवासियों की ओर से उनका हृदय से वंदन-अभिनंदन है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सोशल तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए जारी संदेश में यह बात कही।

**प्रधानमंत्री श्री मोदी वीरांगना रानी दुर्गावती के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे-** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस के अवसर पर प्रदेश में गौरव यात्राएं निकाली गईं थीं। इनका समापन 27 जून को शहडोल में होना था, लेकिन भारी वर्षा के कारण जनता को कोई परेशानी न हो, इसलिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का प्रवास 27 जून से बदलकर एक जुलाई निर्धारित किया गया।

**साढ़े तीन करोड़ आयुष्मान कार्ड वितरित किए जाएंगे = प्रदेश में 25 हजार स्थानों पर वितरित होंगे कार्ड-** मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इसके साथ ही दो महत्वपूर्ण कार्य और होंगे। प्रथमत=, साढ़े तीन करोड़ आयुष्मान कार्ड आज पूरे देश में वितरित किए जाएंगे। मध्यप्रदेश में एक करोड़ से ज्यादा आयुष्मान कार्ड हितग्राहियों अलग-अलग 25 हजार स्थानों पर दिए जाएंगे। शहडोल के साथ ही सभी 25 हजार स्थानों पर कार्यक्रम होंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी शहोडल से आयुष्मान कार्ड का प्रतीकात्मक रूप से वितरण करेंगे। इसके साथ ही प्रदेश में 25 हजार स्थानों पर यह कार्ड वितरित किए जाएंगे। आयुष्मान कार्ड से 5 लाख रुपये का नि=शुल्क इलाज एक साल एक परिवार का नि=शुल्क हो सकेगा। सिकल सेल एनीमिया मिशन होगा आरंभ- मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी पूरे देश के लिए सिकल सेल एनीमिया मिशन लांच करेंगे। सिकल सेल एनीमिया बहुत जटिल व कष्टदायक बीमारी है, अधिकतर हमारे आदिवासी बहन-भाई इसके शिकार होते है। इस बीमारी से निपटने के लिए मिशन लांच किया जा रहा है। मिशन के अंतर्गत इस बीमारी के उपचार और बचाव के उपाय बताए जाएंगे।

## पकरिया गाँव में कोदो भात-कुटकी खीर का आनंद लेंगे

### अद्भुत है शहडोल जिले का पकरिया गाँव

एक जुलाई 2023 का दिन शहडोल जिले के लिए बहुत ही ऐतिहासिक होगा। इस दिन भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्?द्र मोदी जिले की स्थानीय जनजातीय संस्कृति एवं परंपराओं से अवगत होंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी खटिया पर बैठ कर देशी अंदाज में जनजातीय समुदाय, फुटबॉल क्रांति के खिलाड़ियों, स्व-सहायता समूह की लखपति दीदियों और अन्य लोगों से संवाद करेंगे। ऐसा पहली बार होगा जब प्रधानमंत्री देशी अंदाज में जनजातीय समुदाय के साथ जमीन पर बैठ कर कोदो, भात- कुटकी खीर का आनंद लेंगे। संपूर्ण कार्यक्रम भारतीय परंपरा एवं संस्कृति के अनुसार होगा। प्रधानमंत्री के भोज में मोटा अनाज (मिलेट) को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। पकरिया गाँव की जल्दी टोला में प्रधानमंत्री के भोज की तैयारी जोर - शोर से चल रही है। पकरिया गाँव अद्भुत एवं अविस्मरणीय है। गाँव में जीवन अपनी सहज निश्छलता के साथ मुस्कान बिखेरता हुआ सात रंग के इंद्रधनुष की तरह गतिमान है। पकरिया सघन वन से आच्छादित एक ऐसा गाँव है, जहाँ साल, सागौन, महुआ, कनेर, आम, पीपल, बेल, कटहल, बाँस और अन्य पेड़ों से प्रवाहित हवाएँ उन्नत मस्तकों का गौरव-गान करती हैं।

## महाराष्ट्र में बस हादसा, 26 की जलकर मौत

### टायर फटने के बाद डिवाइडर से टकराई और आग लगी; 8 ने खिड़की तोड़कर जान बचाई



**बुलढाणा।** महाराष्ट्र के बुलढाणा में शुक्रवार देर रात एक बस हादसा हो गया। नागपुर से पुणे जा रही बस खंभे से टकराकर डिवाइडर पर चढ़ गई और पलट गई, जिससे उसमें आग लग गई। बस में 34 लोग सवार थे, जिसमें 26 की जलने से मौके पर मौत हो गई इनमें 3 बच्चे भी शामिल हैं।

8 लोगों ने बस की खिड़की का शीशा तोड़कर जान बचाई। हादसा रात करीब 1.30 बजे बुलढाणा जिले के सिंदखेड़ाराजा के पास पिंपलखुटा गांव के पास समृद्धि महामार्ग एक्सप्रेसवे पर हुआ।

बुलढाणा एसपी सुनील कड़ासेन ने बताया, हादसे में बस का ड्राइवर बच गया है। उसने बताया कि टायर फटने के बाद हादसा हुआ और बस में आग लग गई। बाद में बस के डीजल टैंक ने आग पकड़ ली, जिससे आग फैल गई। बस में करीब 33 यात्री सफर कर रहे थे। ज्यादातर की मौत जलने से हुई।महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने बताया कि पुलिस ने बस ड्राइवर और कंडक्टर को हिरासत में ले लिया है।

**बस का दरवाजा नीचे आ जाने से कोई बाहर नहीं निकल सका-** प्रत्यक्षदर्क्षियों के मुताबिक, ड्राइवर ने बस पर संतुलन खो दिया था। बस पहले एक लोहे के खंभे से टकराई। फिर रोड के बीच बने कन्क्रीट के डिवाइडर से टकराकर पलट गई। बस बाईं तरफ पलटी, जिससे बस का दरवाजा नीचे आ गया। लोगों के पास बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं था। पुलिस ने बस से शवों को निकाल लिया है।

मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि पलटने से बस का डीजल टैंक फट गया। इससे डीजल सड़क पर फैल गया। इससे आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया।



## मुख्यमंत्री ने श्रीमती जानकी देवी सूर्यवंशी के निधन पर शोक व्यक्त किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कलार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री दिलीप सूर्यवंशी और उद्योगपति श्री दीपक सूर्यवंशी की मां श्रीमती जानकी देवी सूर्यवंशी के निधन पर शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अरेरा कॉलोनी स्थित उनके निवास पहुंचकर अंतिम दर्शन किए तथा श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री श्री चौहान श्रद्धेय जानकी देवी जी की अंतिम यात्रा और भदभदा विश्राम घाट पर अंतिम संस्कार में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने तथा उनके परिजनों को यह दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करने की प्रार्थना की है ।

## अमरनाथ यात्रा आज से प्रारंभ, श्रद्धालुओं में है जोश

**भोपाल।** हिंदू धर्मावलंबियों की पवित्र अमरनाथ यात्रा आज 1 जुलाई से शुरू हो गई है। यह पवित्र यात्रा 62 दिनों तक जारी



रहेगी। प्रदेश की राजधानी भोपाल सहित देश भर से बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए भक्तों का सैलाब उमड रहा है। यह यात्रा साल में एक बार ही आयोजित होती है। अमरनाथ यात्रा के दौरान भक्तों को बाबा अमरनाथ के गुफा मंदिर में दर्शन करने का मौका मिलता है।



गौ सेवा मैत्री संघ के पदाधिकारियों ने आज मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से विधायक कुणाल चौधरी की मौजूदगी में मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया।

## भोपाल में आज से सी-20 सेवा समिट: 16 देश के 400 डेलीगेट्स होंगे शामिल



**भोपाल।** जी-20 ग्रुप की सिविल-20 सेवा समिट भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आज से होगी। दो दिन तक इस ग्रुप की मीटिंग चलेगी। बीजेपी नेता और ICCR के चेयरमैन विनय सहस्त्रबुद्धे के मुताबिक, समिट में 16 देश के करीब 400 डेलीगेट्स शामिल हो रहे हैं।

सी-20 ग्रुप वर्ष 2013 से काम कर रहा है। हर साल एक देश से दूसरे की तरफ जाता है। पिछले साल इंडोनेशिया में हुआ था। इस साल भारत और अगले साल ब्राजील में कार्यक्रम होंगे। स्ष्ठत्र(सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल) को शामिल किया गया है। 16 वर्किंग ग्रुप में सेवा वर्किंग ग्रुप भी अहम है। इस ग्रुप को अमृतानंदमयी मां %अम्मा% लीड कर रहीं हैं। चेयरमैन डॉ. सहस्त्रबुद्धे ने बताया कि दो दिन की समिट में भारत सहित तमाम देशों के सीएसओ, 4 देशों के एंबेसडर, यूएई के किंग मो. हाजी अली खुरी भी शामिल होंगे। इस समिट में कुल 8 प्लानिंग सेशन होंगे। हर सत्र में तीन चार वक्ता होंगे। कुल 20 सेवा योगी सम्मानित किए जाएंगे। इनमें मप्र के 8 सेवा योगी सम्मानित किए जाएंगे।

**दो दिन में यह कार्यक्रम-** सी-20 सेवा कार्यकारी समूह का सेवा सम्मेलन 1 और 2 जुलाई 2023 को भोपाल, मध्य प्रदेश में सेवा, परोपकार और स्वैच्छिकता की भावना के साथ आयोजित हो रहा है। त्न20 एक अंतरराष्ट्रीय मंच है। जिसमें दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं, केंद्रीय बैंक और अंतरराष्ट्रीय संगठन शामिल हैं। त्न20 देशों के एक विविध समूह का प्रतिनिधित्व करता है।

## दिग्विजय के खिलाफ मानहानि केस में सुनवाई आज

**भोपाल।** भोपाल का एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट कांग्रेस के सीनियर लीडर व राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के खिलाफ दर्ज मानहानि मामले में शनिवार को सुनवाई करेगा। मामला साल 2014 में दिए गए दिग्विजय के एक बयान से जुड़ा है। इसमें उन्होंने बीजेपी नेता वीडी शर्मा को बिचौलिया कहा था। शर्मा के आवेदन पर कोर्ट ने 5 दिसंबर 2022 को धारा 500 के तहत दिग्विजय सिंह पर केस दर्ज किया था। आईपीसी की इस धारा में 1 से 2 साल की सजा का प्रावधान है।



बीजेपी के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कोर्ट में शिकायत दी थी कि दिग्विजय ने 4 जुलाई 2014 को इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के सामने उन पर गंभीर आरोप लगाए थे। दिग्विजय ने कहा था कि वीडी शर्मा क्क्ष्क्क के महामंत्री रहे हैं। उन्होंने व्यापमं घोटाले में बिचौलिए का काम किया है। इस बयान को आम लोगों द्वारा पढ़ा और सुना गया है। इससे उनकी छवि धूमिल हुई है। कोर्ट द्वारा दिग्विजय पर आरोप तय कर दिए गए हैं। वे फिलहाल जमानत पर हैं।

अग्रवाल अस्पताल
Estd. in 2002
ई-3/34, अरेरा कालोनी, हबीबगंज रेल्वे क्रासिंग के पास, भोपाल
फोन : 0755-4283383, 4278190
सभी तरह के श्वांस रोगों (साधारण एवं गंभीर) की जांच, डायग्नोसिस एवं भर्ती के लिए सर्व सुविधायुक्त अस्पताल
एन.ए.बी.एच. प्रमाणित
NABH ACCREDITED HOSPITAL
विशेषताएँ :
• क्रिटिकल केयर एवं वेंटिलेटर केयर
• निमोनिया / इंफेक्शन/ सेप्सिस एवं मल्टी ऑर्गन फेलियर का उपचार
• दमा (अस्थमा), एलर्जी, सी.ओ.पी.डी., ब्रांकाइटिस, क्षय रोग (टी.बी.), प्लूरिसी का उपचार
• फेफड़े का कैंसर, लंग फाइब्रोसिस, स्लीप एपनिया (O.S.A.) का उपचार
• लंबी खांसी, सांस फूलना, खांसी में खून आना, सीने में दर्द के लिए परामर्श एवं उपचार

डॉ. प्रियनाथ अग्रवाल
एम.डी., डी.एम., एफ.सी.सी.पी.
श्वांस रोग विशेषज्ञ
प्रसूति एवं स्त्री रोग संबंधी सभी समस्याओं की जांच, उपचार एवं सर्जरी का विश्वसनीय केंद्र
विशेषताएँ :
• हाईरिस्क प्रेगनेंसी
• नार्मल डिलीवरी एवं सिजेरियन
• सभी मेजर एवं माइनर ऑपरेशन
• दूरबीन/लेप्रोस्कोपी विधि से बच्चेदानी निकलना

डॉ. नीलिमा अग्रवाल
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
स्त्री रोग विशेषज्ञ
YouTube पर टाइप करें - Dr. P.N. Agrawal
इमरजेंसी कॉन्टैक्ट नंबर-
8959444999

# दुनिया के टॉप 95 साइंटिस्ट सम्मानित, मप्र की डॉ पल्लवी तिवारी भी शामिल

भोपाल- अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन DC में एकेडमी ऑफ इन्वेंटर्स (NAI) द्वारा हाल ही में आयोजित भव्य अवॉर्ड सेरेमनी में दुनिया के टॉप 95 साइंटिस्ट को सम्मानित किया गया। देश और प्रदेश के लिए यह गौरव की बात है कि इन साइंटिस्ट में मध्यप्रदेश की पल्लवी तिवारी भी शामिल है। इस सम्मान के बाद अब पल्लवी भी नेशनल एकेडमी ऑफ इन्वेंटर्स (ह्ृ) में सीनियर मेंबर के तौर पर शामिल हो गई है। पूरी दुनिया में अब तक केवल 450 वैज्ञानिक ही इस सूची में शामिल है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि और गौरव को हासिल करने वाली पल्लवी मध्य प्रदेश की पहली महिला है।

## यह गौरव उन्हें उनके ब्रेन केंसर के रिसर्च वर्क के लिए प्रदान किया गया है।

पल्लवी वर्तमान में अमेरिका के सुप्रसिद्ध विस्कॉन्सिन-मैडिसन विश्वविद्यालय में साइंटिस्ट, रेडियोलॉजी और बायोमेडिकल इंजीनियरिंग की एसोसिएट प्रोफेसर और कैंसर सेंटर में इमेजिंग और रेडिएशन साइंसेज विभाग की को डायरेक्टर है। वे केवल 28 साल की उम्र में यूएसए की यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर बन गई थीं। वे कैंसर रिसर्च के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बिग डाटा एनालिटिक्स (Big data analytics is the process of e&amining large data sets containing a variety of data types) के क्षेत्र में काम कर रही है। कैंसर की बीमारी का पता लगाने और उसके इलाज में पल्लवी और उनकी टीम के प्रयास महत्वपूर्ण हैं.

विस्तार से जानिए क्या है कैंसर पर पल्लवी की खोज

डॉ पल्लवी वर्तमान में वयस्क और बाल मस्तिष्क ट्यूमर में व्यक्तिगत उपचार निर्णयों का मार्गदर्शन करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और छवि सूचना विज्ञान का उपयोग करके कई परियोजनाओं पर शोधकर्ताओं की एक टीम का नेतृत्व कर रही हैं।( She is currently leading a team of researchers on multiple projects using artificial intelligence and image informatics to guide personalized treatment decisions in adult and pediatric brain tumors.) उनका शोध कैंसर और न्यूरो-इमेजिंग विकारों के निदान, पूर्वानुमान और उपचार प्रतिक्रिया मूल्यांकन के लिए नए कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरणों पर केंद्रित है (Her research focuses on new artificial intelligence tools for diagnosis, prognosis and treatment response assessment of cancer and neuro-imaging disorders)Ð

उनकी कंप्यूटिंग लैब ब्रेन इमेज, ब्रेन ट्यूमर और न्यूरोलॉजिकल विकारों के लिए एआई और मशीन लर्निंग तकनीक विकसित करने पर केंद्रित है. (Her research focuses on new artificial intelligence tools for diagnosis, prognosis and treatment response assessment of cancer and neuro-imaging disorders) । उनके काम का एक अति महत्वपूर्ण योगदान यह है कि वे नियमित एमआरआई स्कैन का उपयोग यह जांचने के लिए करते हैं कि बीमारी कैसे बढ़ रही है। पल्लवी और उनकी टीम स्कैन से जानकारी का लाभ उठाने की कोशिश करते हैं ताकि यह अनुमान लगाया जा सके कि प्रत्येक रोगी के लिए कौन सा उपचार काम करेगा। यह मेडिकल क्षेत्र के लिए अति महत्वपूर्ण है ।

ब्रेन ट्यूमर, एक बेहद खतरनाक और जानलेवा समस्या है, जिसके कारण हर साल दुनियाभर में लाखों लोगों की मौत हो जाती है। ब्रेन ट्यूमर का पता चलता है तो इसका सबसे आम इलाज सर्जरी है। जिसमें मस्तिष्क के स्वस्थ हिस्सों को नुकसान होने से बचाने के लिए कैंसर कोशिकाओं को दूर करना है। सर्जरी के साथ अन्य उपचार माध्यमों जैसे रेडिएशन और कीमोथेरेपी आदि को भी प्रयोग में लाया जाता है। वर्तमान में कैंसर का इलाज बहुत ही कष्ट प्रद है और यह मानसिक और शारीरिक दोनों ही तरह से भयाक्रांत करता है। इलाज के लिए पीड़ादायक इलाज के दौर से गुजरना होता है, जैसे विशेष रूप से ग्लियोब्लास्टोमा, सबसे आक्रामक ब्रेन ट्यूमर में से एक, जहां पूर्वानुमान केवल 15 महीने का होता है। अभी कैंसर के इलाज के लिए जो प्रक्रिया अपनाई जाती है, उसमें परिपूर्णता नहीं है। किसी को कैंसर की बीमारी है या नहीं, इसकी जांच कठिन है. कोई बायप्सी की रिपोर्ट देखता है, कोई ब्लड टेस्ट देखता है, कोई एमआरआई के स्केन की पड़ताल करता है. यह पता चल भी जाए तो इलाज मुश्किल है. इलाज में सभी मरीजों को कीमोथैरेपी दे दी जाती है. रेडियेशन, बोलचाल की भाषा में जिसे कोबाल्ट का सेक कहते है, वह भी सभी मरीजों को दे दिया जाता है. कहीं सर्जरी की आवश्यकता पड़ती है. ये सभी इलाज बेहद दर्दनाक तो हैं ही, बेहद महंगे भी है।

पल्लवी की टीम जिस अभियान में लगी है वह कैंसर की पर्सनलाइज मेडिसिन के क्षेत्र से जुड़ा है. पल्लवी और उनकी टीम कम्प्यूटर इमेजिंग (एमआरआई) के माध्यम से कैंसर की चिकित्सा में आने वाली मुश्किलों को कम करने में जुटी हुई है. कैंसर के जीवाणु मनुष्य के शरीर के किस हिस्से में हैं, वे किस दिशा में बढ़ रहे है इसे खाली आंखों से नहीं देखा जा सकता, लेकिन कम्प्यूटर स्केनर उसे पकड़ सकते हैं. पल्लवी की टीम कम्प्यूटर की मदद से यह पड़ताल करने में काफी हद तक सफल हुई है कि मरीज का कैंसर किस हद तक जटिल है.



**जत्थे मे सबसे कम उम्र का आशीस की खुशी का ठिकाना नही भोले की कृपा सभी पर बनी रहे जय भोले**

भोपाल । श्री बाबा अमरनाथ धर्मार्थ सेवा समिति ( रजि. ) भोपाल के तत्वधान में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी अमरनाथ यात्रा भोपाल से श्रद्धालु मालवा एक्सप्रेस से रवाना हुए यह जानकारी समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामविलास टाले गुर्जर ने मीडिया को दी उन्होंने बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी भक्तों का जत्था बाबा अमरनाथ दर्शन के लिए रवाना हुआ जिनका भोपाल स्टेशन पर भव्य स्वागत ढोल धमाकों के साथ में किया गया यात्रा बरसों से रामविलास टाले गुर्जर के नेतृत्व में चल रही है जिसमें कई भक्तजन सम्मिलित होकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने जाते हैं 14 वर्षो से लगातार अमरनाथ सेवा समिती का बरफानी बाबा के दर्शन शैलेन्द्र आंजने मंगलेश फुलरे अशोक गुर्जर जानकी प्रसाद कारपेनटर अर्थव टाले निसर्ग टाले रोहित शर्मा अनमोल मालवीय अशोक गुर्जर लालू गुजर प्रियांश पाटिल आशीष निसर्ग पंकज कुमार गुर्जर अनिल आदि कई श्रद्धालु

# शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, 3 स्पोर्टस बाईक बरामद

सांध्य प्रकाश संवाददाता
भोपाल



थाना शाहपुरा क्षेत्र में 28 जून 2023 को त्रिलगा शाहपुरा में वाहन चैकिंग के दौरान नदीम अली को 2 माह पहले शिवाय मार्केट के पास से चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार कर पल्सर मो.सा. 250 सीसी बिनी नम्बर की जप्त किया तथा अन्य अपराधों के संबंध में हिकमत अमली से पूछताछ करने पर दिनांक 22 जून 2023 को महाकाली सोसायटी त्रिलंगा से एक रॉयल इन फील्ड हंटर मो.सा. ( बुलेट) तथा करीब 1 माह पहले 80 फिट रोड बजरिया थाना क्षेत्र से एक यामाहा एमटी 15 मो.सा. चोरी करना स्वीकार किया। रॉयल इन फील्ड हंटर मो.सा. ( बुलेट ) थाना शाहपुरा तथा यामाहा मो.सा. के संबंध में थाना बजरिया में अपराध क्र 132/23 धारा 379 भादवि पंजीबद्ध होने से प्रथक से धारा 41(1-4) जाफौ 379 भादवि में जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है ।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अवधेश सिंह भदौरिया, उनि अमित भदौरिया, प्रआर. 1189 राजेश सिंह, प्रआर 459 कन्हैयालाल यादव, आर. 1662 कुशलपाल, आर. 2450 शिव कुमार थाना शाहपुरा एवं थाना टीटी नगर के प्रआर दौलत सिंह व आर. नारायण मीणा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मकान में लगी आग बुझाने की कोशिश में इजिंनियर की झूलसकर मौत

**भोपाल** । शहर के बागसेवनिया थाना इलाके में मकान में लगी बुझाने की कोशिश में कृषि यांत्रिकीय विभाग के इजिंनियर की आग में झूलसकर मौत हो जाने की दर्दनाक घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार 9-ए पेबल-बे कालोनी, बागमुगलिया में रहने वाले 55 वर्षीय अनिल पोरवाल कृषि यांत्रिकीय विभाग संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी में कृषि यंत्री के पद पर पदस्थ थे। उनके परिवार में पत्नी और एक बेटी है। बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे वो घर में पत्नी और बेटी के साथ बैठे थे, तभी उन्हें मकान की पहली मंजिल से धुआं निकलता नजर आया। वह भागकर पहली मंजिल पर पहुंचे तब तक आग काफी बढ़ चुकी थी। तेजी से फैलती आग को देख आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए जिन्होनें फायर ब्रिगेड को हादसे की सूचना दी। सूचना मिलने के लगभग आधा घंटा बाद पहुंची तीन दमकालो की मदद से फायर फायटरो ने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरु किये और जल्द ही उसे बुझा दिया। आग की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। आग बुझ जाने पर पुलिस परिवार वालो के साथ पहली मंजिल पर पहुंची तब सीढ़ियों के पास अनिल पोरवाल का शव पड़ा नजर आया। आग की लपटों से उनका शरीर बुरी तरह झुलस गया था। पुलिस का अनुमान है, कि पहली मजिंल के जिस कमरे में कमरे में आग लगी थी, उसमें रखा कोई बेहद जरुरी या कीमती सामान रखा होगा, जिसे बचाने के लिये वो सीढ़ियों से कमरे में जाने की कोशिश कर रहे होंगे, उसी दौरान आग की चपेट में आने से गिर गए। शुरुआत में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट सामने आ रहा है। मर्ग कायम कर पुलिस आगे की पड़ताल कर रही है।

## महापौर ने किया पेविंग ब्लॉक कार्य का भूमिपूजन

भोपाल। महापौर मालती राय ने शुक्रवार को जोन क्र. 7 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 34 में जहांगीराबाद मुर्गी बाजार के महावीर दिगंबर जैन पंचायत समिति मंदिर प्रांगण में पेविंग ब्लॉक के कार्य हेतु भूमिपूजन किया। नगर निगम द्वारा नागरिकों की सुविधा के दृष्टिगत लगभग 3 लाख 20 हजार रुपये की लागत से उक्त कार्य किया जाएगा।

## उद्योग शिल्पी गृह निर्माण सहकारी संस्था के चुनाव संपन्न



**भोपाल।** अयोध्या बायपास रोड स्थित अहिंसा विहार कॉलोनी उद्योग शिल्पी गृह निर्माण सहकारी संस्था के चुनाव संपन्न हुए निर्वाचन अधिकारी अभय देशपांडे के द्वारा यह चुनाव कराए गए उद्योग शिल्पी निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित के चुनाव में पूर्व से कार्यरत सदस्यों राजेंद्र कुमार अर्जरिया रमन कुमार सक्सेना जगदीश प्रसाद पटवा दीपक मानकर राजेंद्र कुमार जैन जीपी दीक्षित एवं आसाराम मालवीय को निर्वाचित घोषित किया गया दो महिला सदस्यों बती देवी यादव एवं रेखा श्रीवास्तव भी निर्वाचित हुए जबकि एक सदस्य प्रभु लाल चौहान निर्विरोध निर्वाचित हुए निर्वाचित राजेंद्र कुमार अरजरिया ने बताया कि पूर्व से भी इस कॉलोनी में विकास कार्य करते रहे हैं और उनकी कोशिश होगी कि यह अहिंसा विहार कॉलोनी ग्रीन कॉलोनी की तरह विकसित हो सदस्य रमन कुमार सक्सेना कॉलोनी की सभी सदस्यों की प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से यह कॉलोनी पूरी तरह विकसित हो सकेगी और इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित रहेगा।

## लियो 1 से उच्च-स्तरीय शिक्षा पाना हुआ आसान

**भोपाल।** आज के समय में सफलता का सीधा सम्बन्ध है उच्चस्तरीय शिक्षा और इसको पाने के लिए हरेक स्टूडेंट्स अच्छे इंस्टिट्यूट/स्कूल में पढ़ना चाहता है। लेकिन बड़ी हुई फीस के कारण कई योग्य छात्र उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं और उनकी सफतला की संभावनाएं सीमित हो जाती हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा द्वारा प्रचारित देश के तेजी से बढ़ते एडु - फिनटेक स्टार्टअप लियो1 (लियो वन) ने इस चुनौती का समाधान निकाला है और देश भर में में बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के फीस फाइनेंसिंग सुविधा प्रदान कर रहा है। इस सुविधा का लाभ देश के लाखों बच्चे और हज़ारों शिक्षण संस्थान ले रहे हैं।

## इफको 128 वर्षों में पहली बार अंतरराष्ट्रीय सहकारी संगठन की आमसभा को भारत लेकर आयी

**भोपाल।** इफको के प्रयासों के परिणामस्वरूप भारतीय सहकारिता जगत के लिए ऐतिहासिक अवसर का आगमन हो रहा है। आईसीए के 128 साल के इतिहास में पहली बार अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन के निदेशक मंडल ने सर्वसम्मति से जून 2024 में नई दिल्ली, भारत में आईसीए वैश्विक बोर्ड, महासभा और एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया है। आईसीए अपने सदस्यों के रूप में दुनिया भर के 107 देशों के 310 से अधिक सहकारी संगठनों का प्रतिनिधित्व करता है। ब्रुसेल्स में चल रही आईसीए के निदेशक मंडल की बैठक के दौरान इफको के प्रबंध निदेशक डॉ. उदय शंकर अवस्थी ने भारत में प्रतिष्ठित बैठक की मेजबानी का प्रस्ताव रखा और आईसीए के निदेशक मंडल ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया था। वैश्विक सहकारी आंदोलन पर इफको की छाप माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सहकार से समृद्धि के ध्येय और श्री अमित शाह जी, माननीय प्रथम सहकारिता मंत्री, भारत सरकार के कुशल नेतृत्व की प्रेरणा का परिणाम है।

# तमिलनाडू के कारोबारी को पिस्टल, चाकू की नोंक पर किया किडनैप

**बंधक बनाकर आरोपियों ने की जमकर मारपीट, माल लूटने के साथ ही खाते में ट्रांसफर कराए 21 लाख**

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

कारोबार के सिलसिले में तामिलनाडू से भोपाल आये व्यापारी का पिस्टल, चाकू की नोंक पर कार से अपहरण करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इतना ही नहीं किडनैप करने वाले बदमाशो ने उसके साथ जमकर मारपीट करते हुए पहले मो उसका कीमती माल लूट लिया और फिर उसे कमरे में एक रात बंधक बनाकर रखते हुए धमकाकर फिरोती के तौर पर 21 लाख की रकम अपने एकांउट में ट्रांसफर कराये और फिर उसे परिवार सहित जान से मारने की धमकी देकर इंदौर रोड पर छोड़ दिया। मामले में क्राइम ब्रांच ने आरोपियो के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। क्राइम ब्रांच पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 39 साल के वी. सतीश पुत्र टी. बिरैया ने अपनी शिकायत मे बतायसा कि वो कमला सेकेंड स्ट्रीट चिन्ना चौकी कुलम मधुरई तमिलनाडू के रहने वाले है, उनकी वीरा इंड्रस्ट्रीज नाम से फर्म है, जो प्लास्टिक पाइप और प्लास्टिक कच्चे माल के निर्माण का काम करती है। पाइप व कच्चे माल के लिए प्लास्टिक रा-मटेरियल की जरूरत होती है। इस संबंध में उनकी कौशीक नाम के एक व्यक्ति बात चल रही थी। बीती 21 जून को एक व्हाट्सएप नंबर से उनको मैसेज मिला जिसमें लिखा था कि प्लास्टिक का रा-मटेरियल तैयार है, और उनके पैसा भेजने पर मैं माल भेज दूंगा। इस पर उन्होंने कहा कि पहले वो माल की क्वालिटी चैक करेंगे उसके बाद पेमेंट करेंगे। बातचीत तय होने पर वो 21 जून को चेन्नई से मुंबई होते हुए भोपाल पहुंचे। दोपहर करीब 12 बजे के वी सतीश ने उसी व्हाट्सएप नंबर पर फोन किया तब उन्हें संत आसाराम चौराहा आने को कहा। फरियादी जब वहॉ पहुंचे तो उन्हें एक स्विफ्ट कार में सवारं तीन लोग मिले। उनमें से दो युवको ने उनसे कहा कि आप को कौशिक जी ने बुलाया है। उनपर भरोसा कर फरियादी उनके साथ कार में बैठ गये। थोड़ी देर बाद आरोपियो ने चलती कार में सतीश के मारपीट कर उसके पास रखी 40 हजार की नगदी छीन ली और पिस्टल अड़ाकर उनसे और पैसों की मांग की। फरियादी ने जब पैसा न होने की बात कही तब आरोपियो ने उनकी कौशिक से बात कराई। बाद में बदमाश कारोबारी को एक अज्ञात स्थान पर बने घर में ले गए और वहॉ कमरे में अगले दिन सुबह तक उसे बंधक बनाकर रखा। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उस मकान में एक वृद्व व्यक्ति भी था, उस वृद्व ने बाद में उसका आई फोन मोबाइल छीन लिया था। बंधक बनाकर तीनों आरोपियो ने उसके साथ जमकर मारपीट करते हुए 20 लाख रुपए देने को कहा।

बदमाशो के डर से फरियादी ने अपनी कंपनी वीरा इंडस्ट्रीज के लोन खाते से बदमाशो द्वारा दिये गये 7 खाता नंबरों पर 20 लाख रूपए नेट बैंकिंग के जरिये ट्रांसफर कर दिए। रकम ट्रॉसफर होने के बाद शाम करीब 6 बजे आरोपी उसे कमरे से निकाल कर ले गये और रात साढ़े दस बजे उसे टोल नाका होते हुए इंदौर रोड पर ले गए। यहॉ पर आरोपियों ने फरियादी के फोन से उसके परिवार के सदस्यों की फोटो ले ली और धमकाते हुए कहा कि पुलिस में शिकायत की तो उसके पूरे परिवार को जान से खत्म कर देंगे। यहां से फरियादी बस में बैठकर इंदौर पहुंचा और 24 जून की सुबह फ्लाइट से बेंगलुरु और फिर मदुरई पहुंचा। घर पहुंचकर उसने परिवार वालो को सारी बात बताई। इसके बाद सतीश गुरुवार को वापस भोपाल पहुंचा और क्राइम ब्रांच में लिखित शिकायत की। जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## भोपाल बाइकिंग क्लब ने किया लोगों को जागरूक



**भोपाल।** बाइकिंग क्लब (बीबीसी) ने शनिवार की सुबह एक सिटी राइड की, जिसमें 50 से अधिक स्थान के प्रोफेशनल बाइक राइडर्स शामिल हुए। जिसमें उन्हें ट्रैफिक जागरूकता या सुरक्षित सवारी के बारे में लोगों को बताया गया। वहीं भोपाल बाइकिंग क्लब समय समय पर वृक्षारोपण, नशा निषेध, यातायात जागरूकता, रक्तदान, कम्बल दान, स्वच्छ भोपाल, जैसे कई कार्यक्रम करवाता है एवं इन्हें कई कार्यक्रमों का हिस्सा बनता है। भोपाल बाइकिंग क्लब के एडमिन जीतेंद्र ने बताया कि आप अपना या अपनों का ख्याल कैसे रख सकते हैं। जीतेंद्र ने बताया कि यातायात के नियमों के पालन से दुर्घटनाएं टाली जा सकती हैं। जीतेंद्र ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क के हमेशा सही दिशा में यानी लेफ्ट साइड चलना चाहिए। सड़क के दोनों देखने के बाद सड़क क्रास करना चाहिए। अगर कोई वाहन आ रहा है तो हमें उस वाहन के निकलने का इंतजार करना चाहिए। सीट बेल्ट लगाने से दुर्घटना के दौरान सुरक्षित रहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम जब भी पैदल चलें तो सड़क पर पीली पट्टी के एक तरफ चलें और सड़क जेब्रा क्रासिग से ही पार करें। नियमों की पालन कर हम न केवल दुर्घटना से बच सकते हैं बल्कि दूसरों को भी इससे नियमों का पालन करने की सीख मिलेगी। आज के समय में ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने से सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। हेलमेट अवश्य लगाकर चलाएं और वाहन के पूरे दस्तावेज भी अपने साथ रखें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें।

## त्रिध्या टेक का आईपीओ 30 जून 2023 को खुलेगा

**मुंबई।** त्रिध्या टेक लिमिटेड, डिजिटल एक्सपीरियंस सॉल्यूशन्स में मजबूत क्षमताओं के साथ फुल सर्विस सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और टेक्नोलॉजी कंपनी, त्रिध्या टेक लिमिटेड ने इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग ( आईपीओ ) के साथ 30 जून, 2023 को पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है.कंपनी का उद्देश्य इस आईपीओ के मार्फत ?26.41 करोड़ जुटाना है. एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर शेयर सेट लिस्ट होंगे. आईपीओ से प्राप्त शुद्ध रकम का उपयोग सुरक्षित और असुरक्षित कर्ज का पुरभुगतान करने और आम कारपोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा. इश्यू 5 जुलाई 2023 को बंद होगा.इश्यू की लीड मैनेजर इंटरएक्टिव फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड है और इश्यू की रजिस्ट्रार लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड है. त्रिध्या टेक लिमिटेड के डायरेक्टर एवं सीईओ श्री रमेश मरांड ने कहा, हम हमारी ग्लोबल उपस्थिति को बढ़ाने और 2027 के अपने विजन को हासिल करने के लिए एक मिश्रित ग्रोथ व्यूहनीति का अनुकरण कर रहे हैं. इस व्यूहनीति में ऑर्गेनिक ग्रोथ और व्यूहात्मक अधिग्रहणों के मिश्रण का समावेश है।

# रोटरी क्लब भोपाल हिल्स का 26 वॉ अधिष्ठापन दिवस




रोटरी क्लब भोपाल हिल्स ÷ का 26वॉं अधिष्ठापन दिवस समारोह कल शाम होटल विज्ञाश्री में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ । रोटरी अंतरराष्ट्रीय मंडल 3040 के वर्तमान मंडलाध्यक्ष रोटे जिनेंद्र जैन ने आगामी रोटरी वर्ष 23-24 के लिये चयनित मंडलाध्यक्ष रोटे रितुजी ग्रोवर को मंडल का पदभार सौंपा।

रोटरी नवीन वर्ष 23-24 सत्र के लिए रोटेरियन कुणाल सिंघल अध्यक्ष एवं रोटेरियन निर्विकार यादव को क्लब सचिव नियुक्त किया गया ।रोटे रीतू ग्रोवर, मंडलाध्यक्ष 23-24, गेस्ट ऑफ ऑनर एवं रोटे कर्नल महेन्द्र मिश्रा, निवर्तमान मंडलाध्यक्ष अधिष्ठापन अधिकारी एवं शपथ ग्रहण अधिकारी के रूप में शामिल हुए। भोपाल स्थित सभी रोटरी क्लबों के माननीय अध्यक्ष, सचिव, सहायक गवर्नर एवं पुर्व मंडलाध्यक्षों ने कार्यक्रम में शामिल होकर क्लब क गरीमा को नया आयाम दिया । शपथ अधिकारी, ने रोटरी क्लब भोपाल हिल्स के अध्यक्ष एवं सचिव के साथ बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर एवं वर्ष 23-24 की पुरी चयनित टीम को शपथ दिलायी ।रोटेरियन रितुजी ग्रोवर, मंडलाध्यक्ष रोटरी वर्ष 23-24, उन्होंने अपनी आगामी कार्यकाल की रूपरेखा सदन के पटल पर प्रस्तुत की उन्होंने भाषण में कहा कि रोटरी निरंतर समाज सेवा कार्यों में अग्रसर है । रोटे जिनेंद्र जैन. मंडलाध्यक्ष ने अपने छोटे से भाषण में कहा कि रोटे सुरेश श्रीवास्तव जी ÷रोटरी क्लब भोपाल हिल्स÷ कि अध्यक्षता में शानदार कार्यों के लिये साधुवाद देते हुए पुरी निवर्तमान टीम को अच्छे कार्यों के लिये बधाइयाँ और शुभकामनाएँ दी। रोटे शेखर प्रधान ने सभी अतिथियों एवं सभी रोटेरियनों का आभार व्यक्त किया।

# इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर में 50फीसदी विकसित भूखंड पर सहमति !

इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर विकसित करने की तैयारी है। इसमें आने वाली जमीन के मालिकों के दावे और आपत्तियों सुनने के बाद मध्यप्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कारपोरेशन ने शासन को प्रस्ताव भेजा है। नोटिफिकेशन होते ही जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। लगभग 1300 हेक्टेयर जमीन पर यह कॉरिडोर निर्मित होगा। इस कॉरिडोर में व्यावसायिक, औद्योगिक और आवासीय गतिविधियों के विकसित भूखंड तैयार किए जाएंगे। लैंड पुलिंग पॉलिसी के तहत जमीन मालिकों को नकद मुआवजे के बदले उनकी 50त्न जमीन लौटा दी जाएगी।

कुछ प्रोजेक्टों में एमपीआईडीसी ने 10त्न नकद मुआवजे का प्रावधान भी किया था, जो कॉरिडोर के लिए खत्म कर दिया गया। एमपीआईडीसी ने पूर्व में पीथमपुर सेक्टर-7 सहित अपने अन्य कुछ प्रोजेक्टों में 10त्न नकद राशि भी जमीन मालिकों को दी है। शेष 90त्न के बदले विकसित भूखंड देना तय किए। मगर इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर में नकद मुआवजा नहीं दिया जाएगा, बल्कि लैंड पुलिंग के तहत 100 फीसदी जमीन अधिग्रहित कर उसमें से 50 फीसदी लौटाई जाएगी। ये जमीन विकसित भूखंड के रूप में ही होगी। अधिकांश किसान और जमीन मालिक नकद मुआवजे के बदले 50त्न विकसित जमीन लेने के ही पक्ष में रहे, जिसके चलते यह फार्मूला तय किया गया।

## दो हिस्सों में बनेगा इकोनॉमिक कॉरिडोर

एमपीआईडीसी ने पिछले दिनों फाइनल नोटिफिकेशन की तैयारी भी कर ली और लगभग 800 से अधिक प्राप्त आपत्तियों का निराकरण भी सुनवाई के बाद कर दिया। 75 मीटर चौड़े इस कॉरिडोर के दोनों तरफ 300-300 मीटर की जमीन ली गई है। दो हिस्सों में इस कॉरिडोर का निर्माण होना है, जिसमें एक हिस्सा इंदौर के सुपर कॉरिडोर जंक्शन से पीथमपुर और दूसरा हिस्सा पीथमपुर से एबी रोड की तरफ सिंचा तक बनेगा। दोनों सडक़ों की कुल लम्बाई लगभग साढ़े 19 किलोमीटर रहेगी और इस कॉरिडोर के क्रियान्वयन पर डेढ़ हजार करोड़ तक खर्च होने का अनुमान लगाया गया है।

## अवैध निर्माणों को तुड़वाया

इस कॉरिडोर में शामिल 17 गांवों में अवैध कॉलोनाइजेशन के कई मामले सामने आए थे। एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक प्रतुल्ल सिन्हा ने मौके पर जाकर जेसीबी से इन अवैध निर्माणों को तुड़वाया भी और नोटिस जारी किए। इकोनॉमिक कॉरिडोर के चलते आसपास जमीनों के भाव बढ़े हैं, वहीं अवैध कॉलोनियां भी कटने लगी। डायरी और नोटरी के जरिए भूखंड बेचे जाना शुरू हो गए। नैनोद, रिजलाय, बिसनावदा, कोर्डियावर्डी, नावदा पंथ, श्रीराम तलावली, बागोदा, रंगवासा, शिव खेड़ा, सिंदोडा, सिंदौड़ी, मोकलाय, नरलाय, सोनवाय, भैसलाय, डेहरी और धन्नड़ की जमीनों पर इस तरह के निर्माण कार्य शुरू कर दिए थे। नोटिफिकेशन के बाद जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।


राहुल गांधी
प्रियंका गांधी
मल्लिकार्जुन खरगे
जेपी अग्रवाल
कातिलाल भूरिया
अजय सिंह राहुल भैया
अरुण यादव
सज्जन सिंह वर्मा
जयवर्धन सिंह
कमलेश्वर पटेल
गोविंद गोयल
राजीव सिंह
योगेश यादव
भारत सरकार के पूर्व केन्द्रीय मंत्री,
कांग्रेस के वरिष्ठ एवं जनप्रिय नेता
मा. श्री सुरेश पचौरी जी
को जन्मदिन की
हार्दिक हार्दिक
शुभकामनाएं
सौजन्यः- राकेश राय फेन्स क्लब सीहोर (मप्र)
राकेश राय
पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष

# सांझी टीम और उसके नेता

**-राकेश दुबे**

लोकसभा के चुनाव 2024 में होंगे, उसकी आहट से सभी दल परेशान हैं। परेशानी दो प्रकार की है। पहली राजनीतिक और दूसरी पारिवारिक। लेकिन दोनों आपस में जुड़ी हुई हैं। राजनीतिक परेशानी तो स्पष्ट समझ में आती है। हर राजनीतिक दल चाहता है कि वह सत्ता प्राप्त करे और उसके बाद अपनी विचारधारा के अनुसार प्रशासन को चलाए। लेकिन यदि कुछ दलों को लगता हो कि अपने बलबूते चुनाव में जीत हासिल करना नामुमकिन है तो कुछ राजनीतिक दल एक सांझी टीम बना कर भी चुनाव लड़ सकते हैं। लेकिन उसके लिए जरूरी है कि उनकी विचारधारा और दिशा आपस में मिलती हो।

पिछले कुछ महीनों से देश के अनेक राजनीतिक दल आने वाले चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ इसी प्रकार की सांझी टीम बनाने की कवायद में जुटे हुए थे। यह सांझी टीम बनाने के लिए अनेक नेता अपने अपने तरीके से देश भर में घूम कर माहौल को सूंघ रहे थे। बंगाल की ममता बनर्जी, तेलंगाना के के चन्द्रशेखर राव, दिल्ली के अरविन्द केजरीवाल ने इसके लिए लम्बी यात्राएं कीं। लेकिन मामला जम नहीं रहा था। उसका कारण सोनिया कांग्रेस को लेकर था। सांझी टीम में सोनिया गान्धी की कांग्रेस को शामिल किया जाए या न? ज्यादातर दल इस सांझी टीम में कांग्रेस को शामिल करने के पक्षधर नहीं थे। इसलिए जिस सांझी टीम को जन्म देने के प्रयास हो रहे थे, उसे राजनीतिक शब्दावली में तीसरा मोर्चा कहा जा रहा था। यानी पहला मोर्चा भारतीय जनता पार्टी का, दूसरा मोर्चा सोनिया गान्धी की कांग्रेस का और तीसरा मोर्चा सांझी टीम बनाने के अनेक प्रयासों में जुटे दूसरे राजनीतिक दलों का।

वैसे तो सैद्धान्तिक तौर पर इन सभी दलों को कांग्रेस को भी सांझी टीम में रखने में कोई एतराज नहीं है। लेकिन सोनिया कांग्रेस इस टीम की कप्तान बनना चाहती थी और कांग्रेस को कप्तानी देने में किसी भी दल की रत्ती भर भी रुचि नहीं थी। ऐसा नहीं कि सांझी टीम बनाने का प्रयास कर रहे इन राजनीतिक दलों में कप्तान को लेकर आपस में भी कोई सहमति बन गई हो। कप्तान कौन हो, इस प्रश्न से तो ये राजनीतिक दल किसी भी तरह बचने का ही प्रयास कर रहे थे। लेकिन इस बात पर सभी सहमत थे कि कांग्रेस को तो सांझी टीम की कप्तानी किसी भी हालत में नहीं सौंपी जा सकती। लेकिन पिछले दिनों भारत की राजनीति में दो ऐसी घटनाएं हुईं जिससे पूरे परिदृश्य में गणनात्मक परिवर्तन हुआ। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में हुए चुनावों में सोनिया कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी को हरा कर उससे सत्ता छीन ली। उससे वातावरण बदला। सोनिया कांग्रेस के भीतर भी राजनीतिक प्राण वायु का संचार हुआ। पार्टी के भीतर भी हलचल हुई। इसलिए निर्णय किया गया कि सोनिया गान्धी के सुपुत्र राहुल गान्धी को देश भर में घूमना फिरना चाहिए। आखिर जो भी किसी टीम का कप्तान बनना चाह रहा हो, उसका व्यक्तित्व कम से कम कप्तान की तरह का दिखना तो चाहिए। इसलिए राहुल गान्धी तथाकथित पैदल यात्रा पर निकल पड़े। इस यात्रा को भारत जोड़ो यात्रा का नाम दिया गया। मीडिया का फोकस राहुल गान्धी की चालढाल, वेशभूषा, खानपान पर रहे, इसका ध्यान रखा गया। बीच में राहुल गान्धी को एक ट्रक पर भी बिठाया गयाॉ। हवा बनने लगी कि राहुल गान्धी भी कप्तान बन सकते हैं। यह भी अफवाह फैला दी गई कि कर्नाटक में कांग्रेस ने जो चुनाव जीते हैं उसका कारण राहुल गान्धी की भारत जोड़ो यात्रा ही है। इसका सांझी टीम बनाने वालों की मानसिकता पर भी प्रभाव पड़ा। उनको भी लगा कि टीम में कांग्रेस को भी शामिल करना चाहिए। उधर कांग्रेस ने इसका अर्थ यह निकाला कि हमारे बिना राजनीतिक धरातल पर कोई सांझी टीम बन ही नहीं सकती। यदि ऐसी टीम बनाई भी गई तो वह बेकार सिद्ध होगी।

इस नए वातावरण का लाभ उठाकर सांझी टीम बनाने के लिए कुछ ऐसे लोग भी प्रकट होने लगे जिनकी अपनी झोली खाली थी। फिलहाल बिहार के मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाले हुए बाबू नीतीश कुमार उन्हीं लोगों में शुमार हैं। ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, शरद पवार जब विपक्षी एकता की फुलझड़ियां जलाने की कोशिश करते थे तो सांझी टीम में शामिल दूसरे खिलाड़ियों को एक डर सताता रहता था। मसलन उत्तर प्रदेश में लोकसभा की अस्सी सीटें हैं। यदि गठजोड़ का लाभ उठाकर अखिलेश यादव पचास साठ सीटें जीत गए तो जोड़ तोड़ में प्रधानमंत्री की दावेदारी ठोंक देंगे। इसी प्रकार का डर ममता बनर्जी या शरद पवार से लगा रहता था। इसलिए भीतर ही भीतर सांझी टीम बनने से पहले ही टूट जाती थी। उसका निराकार स्वरूप साकार नहीं हो पाता था। लेकिन बिहार के नीतीश कुमार से ऐसा खतरा किसी को भी नहीं है। पुराने जमाने में मुगल राजा अपने हरम की रक्षा के लिए उनको नियुक्त करते थे जिनकी मेडिकल रपट आ जाती थी कि इससे कोई खतरा हरम को हो ही नहीं सकता। सत्ता रूपी हरम का पहरेदार नीतीश कुमार बनते हैं तो सभी आश्वस्त हैं कि इससे उनके सत्ता रूपी हरम को कोई खतरा नहीं हो सकता। क्योंकि उनकी पार्टी का आधार वैसे भी बिहार में बहुत सिमट गया है। उसको बांटने वाली पार्टियां बिहार में बहुत हैं। लालू का परिवार तो है ही। इसके बाद कांग्रेस है। उसके बाद सीपीएम-एल है। सीपीएम और सीपीआई हैं। दो एक सीटें केजरीवाल भी मांगेंगे। उसके बाद नीतीश कुमार की पार्टी के हिस्से लोकसभा की सात आठ सीटें आ भी जाएंगी तो वे उसमें से जीत कितनी पाएंगे, इसके बारे में कौन भविष्यवाणी कर सकता है। इसलिए जब नीतीश बाबू ने सांझी टीम बनाने के लिए राजनीतिक खिलाड़ियों को निमंत्रण भेजे तो काफी खिलाड़ी आ पहुंचे।कुछ लोग इसे नीतीश कुमार की सफलता कह कर प्रचारित कर रहे हैं। जबकि इसका संकेत केवल इतना ही है कि भविष्य की राजनीति में उनकी उपयोगिता समाप्त हो गई है।

### नेशनल डाक्टर्स डे

# विद्वानों को क्यों कहना पड़ा कि- वैद्यराज नमः तुभ्यं यमराज सहोदरः

**-जयराम शुक्ल**

दो मसले मुझे हमेशा बहुत परेशान करते हैं। एक डॉक्टरों की पर्ची और दूसरी बड़ी अदालतों के फैसलों की इबारत। मैं अंग्रेजी माध्यम से विज्ञान का स्नातक और स्नातकोत्तर उपाधिधारी हूं जब मैं असहज और परेशान हो जाता हूं तो उन लोगों की क्या कहिए जिन्हें पढ़ाई के समय एबीसीडी सुनते ही बुखार आ जाता था।

?ये फलां डॉक्टर का पर्चा है,इसकी दवाएं ढिकां मेडिकल पर मिलेंगी

कुछेक अपवादों को छोड़ दें तो डॉक्टर लोग अपनी पर्ची में न जाने किस कूटलिपि से अंग्रेजी में दवाइयों के नाम लिखते हैं इस रहस्य को सिर्फ वो मेडिकल की दुकानवाला जानता है जिसके यहां से दवाई खरीदने की सिफारिश की जाती है। एक बार मैंने अपनी सहूलियत के हिसाब से मेडिकल स्टोर बदल दिया। दुकानदार ईमानदार निकला। औने-पौने कोई दवा थमाने की बजाय बता दिया कि ये फलाँ डाक्टर की पर्ची है इसमें लिखी दवाएं ढिकां मेडिकल स्टोर में मिलेंगी। वैसे ये दुकानवाला मुझे कोई भी दवा थमा सकता था, पर्ची में यही लिखी हैं बता कर। मैं उसका कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता क्योंकि मैं मेडिकली निरक्षर हूं।

## आम मरीज जीते जी जान नहीं पाता,उसका ड्रग ट्रायल हो रहा है या इलाज

फलां डॉक्टर, ढिकां मेडिकल स्टोर या लैब में ही क्यों भेजता है ये रहस्य अब रहस्य नहीं रहा। दो साल पहले इंदौर में ड्रग ट्रायल काण्ड के बाद यह अच्छे से उजागर हो गया। दवाइयां बनाने वाली कंपनियां ये सब प्रपंच रचती हैं। आम भारतीय मरीज अपने जीते जी जान ही नहीं पाता कि उसका ड्रग ट्रायल चल रहा होता है कि इलाज। बहरहाल मैं डॉक्टर्स की उस गूढ़ मेडिकल पर्ची के बारे में बात कर रहा था। मरीजों की लंबी कतार और कैश कलेक्शन पर ज्यादा नजर रखने वाला डॉक्टर मरीज को आनन-फानन बता जाता है कि इसे खाना है, इसे लगाना है। ये तीन बार के लिए,ये दोबार के लिए, इसे तब खाना जब तकलीफ हद से गुजर जाए।

?एक तिहाई मरीज धनाभाव में बिना जांच,दवा खरीदे लौट जाते हैं

मरीज और उसका अटेंडेंट दोनों का दिमाग चकरघिन्नी की तरह घूमने लगता है क्योंकि उसके दिमाग में पैथोलॉजी की सत्रह जाँच और दस दवाइयों का लेखा सामने आ रहता है। वह बटुए टटोलने लगता है कि रुपया पुज जाएगा कि नहीं। यकीन मानिए डाक्टर तक पहुंचकर, फीस अदाकर पर्ची बनवाने वालों में से एक तिहाई मरीज धनाभाव में बिना जाँच कराए व दवा खरीदे लौट जाते हैं। उनमें से कुछ कर्ज लेकर दूसरे तीसरे दिन लौटते हैं। शेष यह कहते हुए खुद को भगवान के हवाले कर देते हैं कि एक न एक दिन तो सबै को मरना है..चाहे दवा खाएं या न खाएं।

## देश की चिकित्सा व्यवस्था अराजक दौर की शिकार है

प्रायः हर गांव या मोहल्ले में ऐसे कई केस मिल जाएंगे जिसमें गलत दवा खाने या लगाने से कोई मर गया या स्थाई विकलांग हो गया। इतने ही केस ऐसे भी होते हैं कि मर्ज कुछ और था लेकिन डॉक्टर ने दवाई किसी दूसरे मर्ज की कर दी। ऐसे मामलों में मरने वालों की संख्या सामान्य बीमारियों से मरने वालों की संख्या से कम नहीं होती। पर न तो इनकी कोई सांख्यिकी बनती और न ही कोई प्रकरण दर्ज होता। अपने देश की चिकित्सा व्यवस्था



इसी अराजक दौर की शिकार है।

? डॉक्टर पर्चे में लिखने लगे हैं, ये कानूनी कार्रवाई के लिए मान्य नहीं

आजकल तो चिकित्सक अपनी दवा पर्ची में मोटे हर्फों में यह लिखवाने लगे हैं कि..यह पर्ची किसी भी कानूनी कार्रवाई के लिए मान्य नहीं..। कमाल देखिए कि यह साफ सुथरी हिन्दी में लिखा होता है ताकि साक्षर मरीज इसे अच्छे से पढ़ ले कि डॉक्टर साहबान की दवा खाने से यदि तुम्हारी आँख भी फूट गई तो कोई कार्रवाई नहीं कर सकते क्योंकि पर्चे में पहले से ही लिखा। हाँ डाक्टर साहब इस बात के लिए बाध्य नहीं हैं कि वे मर्ज और दवाई का नाम तथा इस्तेमाल करने का तरीका साफ-साफ लिखें ताकि मरीज और उसका अटेंडेंट समझ जाए।

## अंग्रेजी की ताकत और ग्लैमर तभी तक है जब तक उसे समझ न पाएं

अंग्रेजी की ताकत और उसका ग्लैमर तभी तक है जब तक कि सामने वाला उसे समझ न पाए। जिस दिन ये अँग्रेजी आम लोगों को समझ में आने लगेगी उसी दिन से इसका तिलस्म खत्म। और इसके साथ ही उन बड़े वकीलों और डॉक्टरों का धंधा भी, जिनकी दुकानें सिर्फ और सिर्फ अँग्रेजी के नाम से सजी हैं। क्या मेडिकल कौंसिल आफ इंडिया को इन स्थितियों से इत्तेफाक नहीं है.? है, पिछले कुछ सालों से दवाओं के नाम हिंदी में भी लिखे जाने लगे हैं। हो सकता है कि देश की अन्य भाषाओं के लिए भी निर्देश हो। जैसे कि केरल में बिकने वाली दवा में अँग्रेजी के साथ मलयाली में भी लिखा जाता हो। लेकिन यह कहाँ किस कोने में लिखा जाता है इसके लिए आपको मैग्नीफाइंग ग्लास की जरूरत पड़ेगी।

## सेवा क्षेत्र के सबसे संवेदनशील मामले में सबसे ज्यादा बेरहमी क्यों..

दवाओं के कम्पोजीशन और साइडइफेक्ट्स की नसीहतें छह से चार प्वाइंट्स के अक्षर में लिखी जाती हैं। अब इसे पढ़कर आँखें फोड़िए और नया मर्ज पालिए। जहाँ तक मुझे जानकारी है मेडिकल कौंसिल ने डाक्टरों को यह भी निर्देश दे रखे हैं कि वे दवाओं का नाम साफ-साफ अक्षरों में लिखें व उसके प्रयोग को भी विधिवत उल्लेखित करें। दवाओं के कम्पोजीशन का भी जिक्र करें क्योंकि एक ही दवा को विभिन्न कंपनियां अपने अपने ब्रैंडनेम से बेंचती हैं। दवा की कीमतों में भी बड़ा फर्जीवाड़ा है। हर शहर में दवाओं के अलग-अलग दाम हैं। कहीं- कहीं तो दवा के दामों में सत्तर प्रतिशत तक का अंतर है। कहीं कोई देखने वाला नहीं। कोई चेक एन्ड बैलेंस नहीं। सेवा क्षेत्र के सबसे संवेदनशील मामले में सबसे ज्यादा बेरहमी।

?सिस्टम को हांकने वालों का ही भरोसा सिस्टम में नहीं ?

पिछले पंद्रह साल से मैंने यह नहीं सुना जाना कि कोई बड़ा जनप्रतिनिधि, हाकिम, अफसर किसी जिला अस्पताल या मेडिकल कालेज में भर्ती होकर अपना इलाज या आपरेशन करवाया हो। जब सिस्टम को हाँकने वालों का ही भरोसा सिस्टम में नहीं तो क्या कहिए। निजी अस्पतालों में तो इलाज भी नीलाम होता है। ऊँचा दाम ऊँची चिकित्सा। जितना दाम उतना इलाज। देश की साक्षरता विश्व की औसत साक्षरता से 10 प्रतिशत कम 75 प्रतिशत है। जो साक्षर हैं उनमें महज 10 प्रतिशत लोगों को ही पढ़ा लिखा समझिए शेष को सिर्फ उतना अक्षर ज्ञान है जो कंपनियों के प्रोडक्ट और सरकार की उपलब्धियों के विज्ञापन की भाषा पढ़ सकें।जब डॉक्टरों की कूटभाषा ये 10 प्रतिशत पढ़े लोग ही ढंग से नहीं समझ पाते, बाकी लोग तो इस अभिजात्य बिरादरी के लिए ढोर डंगर से ज्यादा नहीं।

## और अंत में

डॉक्टर शपथ का दसांश भी अमल करें तो विश्व का कल्याण हो जाए। हर डॉक्टर की दवा की पर्ची में ऊपर ऋ जैसा कुछ लिखा रहता है। यह डॉक्टरों को अपने पेशे के लिए ली गई हिप्पोक्रेटिक शपथ की याद दिलाता रहता है। हिप्पोक्रेट ग्रीक के महान दार्शनिक हैं जिन्हें आधुनिक चिकित्सा का प्रवर्तक माना जाता है। डॉक्टर इस शपथ का दसांश भी अमल करने लगें तो समूचे विश्व का कल्याण हो जाए। सरकारों को अलग से कोई कानून बनाने की कभी जरूरत ही नहीं पड़ेगी इस शपथ का तथ्य-कथ्य आपको गूगल गुरू बता देंगे, इस लेख को पढ़ने के बाद हिप्पोक्रेटिक ओथ को सर्च कर पढ़िएगा जरूर।

हमारी सनातनी सांस्कृतिक परपंरा में सृष्टि के आदि वैद्य (डॉक्टर) धनवंतरि को भगवान विष्णुजी का स्वरूप बताया गया है..इसलिए युगों से डाक्टर के प्रति ईश्वरीय आस्था रही है-

? नमो भगवते महासुदर्शनाय वासुदेवाय धन्वंतरये
अमृतकलशहस्ताय सर्वभयविनाशाय सर्वरोगनिवारणाय
त्रिलोकपथाय त्रिलोकनाथाय श्रीमहाविष्णुस्वरूपाय
श्रीधन्वंतरीस्वरूपाय श्रीश्रीश्री औषधचक्राय नारायणाय नमः॥

लेकिन जब डॉक्टर-वैद्य उपरोक्त मानदंडों पर खरे नहीं उतरे तब मनीषियों को कहना पड़ा कि-

वैद्यराज नमस्तुभ्यं यमराजसहोदर।
यमस्तु हरति प्राणान् वैद्यो प्राणान् धनानि च ॥

(हे वैद्यराज, यम के भाई, मैं आपको प्रणाम करता हूं यम तो सिर्फ प्राण हरते हैं पर आप धन और प्राण दोनों हर लेते हो !!)

# रहली , सागर या भोपाल , सबमें सहयोगी हैं गोपाल

**( अमिताभ पाण्डेय )**

राष्ट्रवादी विचारधारा के अग्रदूत पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि समाज के पीड़ित , कमजोर , वंचित वर्ग के लोगों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। उनकी इस विचारधारा को पंडित गोपाल भार्गव ने अपने जीवन का ध्येय वाक्य बना लिया है ।

वे मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल के वरिष्ठ सदस्य के रूप में जनसेवा के पथ पर लगातार आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने अपनी राजनीति के केंद्र में सदैव जनसेवा को रखा है। श्री भार्गव आम जनता की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं, सबकी मदद करते हैं ।यह सिलसिला पिछले लगभग 45 वर्षों से भी अधिक समय से लगातार चल रहा है । उनका जन्म सागर जिले की रहली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गढ़ाकोटा शहर में 1 जुलाई 1952 को हुआ। गढ़ाकोटा में शहीद भगत सिंह वार्ड के निवासी गोपालजी बचपन से ही धार्मिक सामाजिक गतिविधियों में उत्साह के साथ सक्रिय रहे हैं । क्रांतिकारी विचारधारा और निर्भीकता के साथ महाविद्यालय में अध्ययन करते हुए उन्होंने मजदूरों , किसानों , बीड़ी श्रमिकों के पक्ष में जोरदार आंदोलन किए। वे महाविद्यालय में छात्रसंघ अध्यक्ष बने ।

इसके कुछ वर्ष बाद 1982 में गढ़ाकोटा नगर पालिका के अध्यक्ष चुने गए ।उन्होंने वर्ष 1995 में रहली विधानसभा क्षेत्र से विधायक का चुनाव लड़ा और बहुमत से जीता। तब से लेकर आज तक साल दर साल जीत का यह सिलसिला लगातार चल रहा है। वर्तमान में श्री भार्गव मध्यप्रदेश विधानसभा में सागर जिले के रहली विधानसभा क्षेत्र का लगातार आठवीं बार प्रतिनिधित्व कर रहे हैं ।

इस क्षेत्र के लोगों से उनके मजबूत पारिवारिक रिश्ते हैं ।वे किसी भैया , किसी के दद्दा, किसी के मामा हैं और 21 हजार से ज्यादा जिन बेटियों का कन्यादान किया है, उनकी पूरी जिम्मेदारी आज भी निभा रहे हैं।

अपने गृह नगर गढ़ाकोटा , विधानसभा क्षेत्र रहली से लेकर सागर जिले और भोपाल ही नहीं बल्कि प्रदेश के अन्य गांव शहरों में भी जरूरतमंद लोगों की हमेशा मदद को तैयार रहते हैं ।

जो लोग उनके पास अपने काम के लिए आते हैं , प्रसन्नता के साथ अपना काम करवा कर वापस जाते हैं।

श्री भार्गव के दरवाजे से लोगों को कभी निराश होकर जाते नहीं देखा गया । संत समाज का आशीर्वाद भी उन्हें मिलता रहता है।

श्री भार्गव ने अपने निवास पर लोगों की मदद के लिए ऐसी व्यवस्था बना रखी है कि वह कहीं भी रहे लेकिन उनके द्वार पर आने वाले लोगों का काम जरूर हो जाता है । उन्होंने अब तक रहली , गढ़ाकोटा से लेकर सागर जिले के कितने बीमारों का उपचार अपने खर्च पर करवाया ? कितने बेरोजगारों को रोजगार दिया ? कितने गरीब परिवारों की मदद की ?

इसका जवाब उनके क्षेत्र में पंहुचने पर बहुत आसानी से मिल सकता है । श्री भार्गव के सहज , सरल व्यवहार के कारण उनके समर्थक मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ ही देश के अन्य राज्यों में भी फैले हुए हैं ।

समाज सेवा के क्षेत्र में श्री भार्गव ने अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं जो कि अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए आदर्श उदाहरण हैं।

उन्होंने अब तक 21 हजार से ज्यादा कन्याओं का सामूहिक विवाह किया। कन्यादान किया और भरपूर दान दहेज देकर अपनी इन बेटियों को विदा किया ।इतना ही नहीं श्री भार्गव के पुत्र और पुत्रियों का विवाह भी सामूहिक विवाह सम्मेलन में ही हुआ।

वे प्रतिवर्ष सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन करते हैं। जिसको गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज किया जा चुका है ।श्री भार्गव ने अपने प्रयास से जो रहस मेला बरसों पहले शुरू किया , वह पूरे देश में मशहूर हो गया है । रहस मेला बुंदेलखंड की विविध सांस्कृतिक , संगीतमय परंपराओं से रचा हुआ ऐसा आयोजन है जिसमें दर्शक मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। हर साल इस आयोजन में शामिल होने वालों की भीड़ लाखों की संख्या में होती है। श्री भार्गव की छवि जहां उदार जनसेवक की है वहीं दूसरी और लंबे समय तक विधानसभा में मंत्री रहते हुए शासन प्रशासन पर भी उनकी मजबूत पकड़ है ।वो नौकरशाही से जनहित के काम को तत्परता पूर्वक करवाना बखूबी जानते हैं। उन्हें बेबाक बोलने वाले राजनेता के रूप में जाना जाता है जो कि सच्ची और खरी बात कहने में कभी संकोच नहीं करते। लगभग 45 साल से ज्यादा के राजनीतिक सफर के बाद भी श्री भार्गव बेदाग और उज्ज्वल छवि के साथ जनसेवा कर रहे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा , उमा भारती , बाबूलाल गौर के साथ विधायक मंत्री रहे पंडित गोपाल भार्गव को लोकप्रिय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्तमान में लोक निर्माण विभाग, कुटीर , खादी ग्राम उद्योग विभाग का मुखिया बना रखा है ।

मध्य प्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव ने इस संवाददाता से चर्चा करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में बेहतर सड़कों का निर्माण और सुगम यातायात हमारी प्राथमिकता है। बेहतर सड़कों के कारण हमारे प्रदेश का आर्थिक विकास तेजी से हो रहा है । बाधारहित आवागमन के लिए लोक निर्माण विभाग ने पिछले 4 वर्षों में 22 हजार 394 करोड़ रुपए के व्यय से 10 हजार 195 किलोमीटर की नई सड़कें , 45 नए पुल बनाए हैं । इसके साथ ही 5 हजार 22 करोड रुपए की लागत से 789 बड़े और मध्यम पुल , रेलवे ओवर ब्रिज , फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण किया है । वे कहते हैं कि प्रदेश में सड़कों सहित अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को बेहतर बनाए रखना भी हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए क्वालिटी कंट्रोल सेल का गठन किया गया है ।

लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारी प्रदेश में लगातार निर्माण कार्यों की निगरानी करते रहते हैं।

उनके निरीक्षण में लापरवाही पाए जाने पर तत्काल अधिकारियों पर कार्यवाही भी की जा रही है ।

प्रदेश के इंदौर , भोपाल , जबलपुर , ग्वालियर , सागर में यातायात के बढ़ते दबाव को देखते हुए रिंग रोड बनाए जाने का कार्य भी प्रगति पर है ।

प्रदेश में खादी के उपयोग को बढ़ावा देने , कुटीर और हस्तशिल्प के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने के लिए भी अनेक नई योजनाओं का संचालन लगातार किया जा रहा है ।

श्री भार्गव के नेतृत्व में हस्तशिल्प , कुटीर एवम खादी ग्रामोद्योग विभाग , लोक निर्माण विभाग में जनहितकारी योजनाओं के नए आयाम स्थापित होते रहेंगे , ऐसा विश्वास है।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, संपर्क -9424466269 )**

# मोदी सरकार में सुनिश्चित हुआ , गरीबों का उत्थान वंचितों का सम्मान !

**रामनिवास गुर्जर**

केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी ने नेतृत्व में सरकार के 9 साल पूरे हो गए हैं। इस वर्षों में सरकार ने कई ऐसे मुकाम हासिल किए। 2014 में सता में आने के बाद सरकार ने नियमित अंतराल पर साफ संदेश दिया कि वह किसी भी तरह के फैसले लेने में नहीं हिचकेगी। आम लोगों के बीच मोदी और उनकी सरकार की लोकप्रियता के पीछे ये सबसे अहम फैक्टर बना। इसकी शुरुआत पहले कार्यकाल में नोटबंदी का फैसला था। इसके बाद सरकार ने आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला किया। कोरोना महामारी के दौरान सरकार ने सख्त लॉकडाउन का फैसला किया। लोगों ने सरकार के फैसले लेने की तरीकों को पसंद किया। सरकार ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाने जैसे फैसले भी किया। इससे साबित हुआ कि सरकार मजबूत फैसला लेने से पीछे नहीं हटेगी।

पीएम मोदी अपने करिश्माई नेतृत्व के दम पर ना केवल आज भारत के बल्कि दुनिया के ताकतवार नेताओं में शुमार हैं। दुनिया के शक्तिशाली देश भी पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को सलाम करते हैं। उनकी लोकप्रियता पूरी दुनिया में तेजी से बढ़ रही है। 2019 में आई मोदी जी की सुनामी में विपक्षी दलों के कई पुराने दरख्त तक उखड़ गए थे। पीएम नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रियता एवं सरकार की अंत्योदय की नीति से बीजेपी ने 303 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। आइए जानते हैं अपने 9 साल के कार्यकाल में पीएम मोदी ने क्या-क्या चौंकाने वाले फैसले किए हैं।


**देश में लागू की जीएसटी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वाली केंद्र सरकार ने 1 जुलाई 2017 से पूरे देशभर में जीएसटीको लागू कर दिया था। जीएसटी लागू करने का मकसद देश में 'एक देश, एक टैक्स' की प्रणाली को लागू करना था। जीएसटी लागू होने से सर्विस टैक्स, वैट, क्रय कर, एक्साइज ड्यूटी और अन्य कई टैक्स समाप्त हो गए।

**बालाकोट एयर स्ट्राइक:** 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों ने सीआरपीएफ के काफिले को निशाना बनाया गया था। उस समय सीआरपीएफ के 78 वाहनों का काफिला जम?मू से श्रीनगर का सफर तय कर रहा था। इस काफिले में करीब 2500 जवान थे। उस समय एक आतंकी ने सीआरपीएफ के काफिले में विस्फोटक लेकर जा रहे एक वाहन को टक्कर मार दी थी. इस विस्फोट में 40 जवान शहीद हो गए थे। दो हफ्ते बाद 26 फरवरी 2019 को भारत ने बालाकोट एयरस्ट्राइक करके जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों को ढेर कर दिया था।

**जम्मू-कश्मीर से हटाया आर्टिकल 370:** जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को हटाने का फैसला मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। 5 अगस्त 2019 को संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर खंडों को समाप्त कर दिया था जो जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करते थे। इसी के साथ जम्मू-कश्मीर में देश के वो सभी कानून लागू हो गए, जिन्हें 70 साल तक लागू नहीं किया जा सका। वहां के लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं का फायदा मिलने लगा।

**नोटबंदी जैसा बड़ा फैसला:** साल 2016 में नरेंद्र मोदी सरकार का सबसे बड़ा फैसला सामने आया, इस फैसले से पूरे देश में हड़कंप मच गया। 8 नवंबर साल 2016 को रात 8 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित किया और रात 12 बजे 500 और 1000 के नोट को चलन से बाहर कर दिया था। अचानक से नोट को चलन से बाहर कर देने वाले सरकार के फैसले ने देशभर में खलबली मचा दी थी। मोदी सरकार ने नोटबंदी के जरिए काले धन पर चोट की थी।

**कानूनी दायरे में लाया गया तीन तलाक:** मोदी सरकार ने 30 जुलाई 2019 में तीन तलाक विधेयक पारित किया था, जिसके बाद मुस्लिम समाज में तीन तलाक देना अपराध की श्रेणी में आ गया है। इस विधेयक को मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) विधेयक 2019 के नाम से जाना जाता है।



2014 में सत्ता के केंद्र में स्थापित हुई मोदी सरकार ने इस दौरान कई बड़े फैसले लिए। आम जनता को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं से लेकर इन्फ्रास्ट्रक्चर में बड़े निवेश समेत कई निर्णयों ने मोदी सरकार की स्वीकार्यता को बढ़ाया। इन 9 सालों में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

पीएम मोदी के कार्यकाल में जनता के स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांवों और शहरों में 12 करोड़ शौचालय बने। मोदी सरकार की जनधन योजना के तहत देशभर में 48-93 करोड़ लोगों ने अपने बैंक खाते खुलवाए। ये खाता जीरो बैलेंस के साथ शुरू होता है- पीएम मोदी की मुद्रा योजना में लोगों को बिना गारंटी के सस्ता ऋण दिया गया। इस योजना के तहत अब तक 40-82 करोड़ लोगों को 23-2 लाख करोड़ का कर्ज दिया गया। पीएम आवास योजना के तहत पात्र लाभार्थियों के लिए 3-45 करोड़ घर बनाए गए. मोदी सरकार की उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 9-59 करोड़ घरों में एलपीजी कनेक्शन की पहुंच बनी। केंद्र सरकार की जन आरोग्य योजना के तहत 4-44 करोड़ लोगों का इलाज हुआ। मोदी सरकार की किसान सम्मान निधि योजना के तहत देशभर के 12 करोड़ किसानों को हर साल 6 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती है।

मोदी सरकार की हर घर जल योजना के तहत अब तक 11-66 करोड़ परिवारों को पीने का साफ पानी मुहैया कराया जा चुका है। वहीं कोरोना महामारी के दौरान शुरू हुए कोविड टीकाकरण में अब तक 220-67 करोड़ वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी है।

**2023 तक काफी बदला देश:** 2014 में देश के अंदर मेडिकल कॉलेज की संख्या 387 थी। जो अब बढ़कर 692 हो चुकी है 2023 में एम्स की संख्या बढ़कर 24 हो चुकी है, जो 2014 में केवल 6 थी। 2014 तक देश में 723 यूनिवर्सिटी थीं। जो 2023 में बढ़कर 1472 हो चुकी हैं। 2014 तक देश में 16 आईआईटी संस्थान थे जो 2023 में बढ़कर 23 हो चुके हैं 2014 तक देश में 13 आईआईएम थे जो अब 20 हो चुके हैं। 2014 में भारत की बिजली उत्पादन क्षमता 2-34 लाख मेगावाट थी, जो 2023 में बढ़कर 4-17 लाख मेगावाट हो गई 2014 तक देश में 13 करोड़ गैस कनेक्शन थे, जो 2023 में बढ़कर 31 करोड़ हो गए] 2014 तक देश में नेशनल हाईवे की पहुंच 91-287 किमी तक थी, जो 2023 में 1-44 लाख से ज्यादा हो गई 2014 तक देश में एयरपोर्ट की संख्या 74 थी जो 2023 में बढ़कर 148 हो गई] 2014 तक देश में रेल मार्गों का 21-614 किमी हिस्सा ही इलेक्ट्रिक लाइन से जुड़ा था 2023 में ये बढ़कर 58-812 किमी तक पहुंच गया। मुद्रा, स्वनिधि, स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार से जुड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रहे हैं। नए भारत में हो रहा ,पिछड़े वर्ग का उत्थान! ,राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in



डॉक्टर्स डे पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मिलने आए चिकित्सकों के प्रतिनिधि मंडल के डॉक्टरों को पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा की मौजूदगी में अपने आवास पर सम्मानित किया प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अनूप हजेला को सम्मानित करते हुए कमलनाथ

## सीए दिवस- चार्टर्ड अकाउंटेंट अर्थजगत के ऋषि-मुनि हैं, जो इस अर्थ के क्षेत्र में लोगों को सही राह दिखाते हैं तनाव से मुक्त करते है - योग गुरु महेश अग्रवाल

आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के संचालक योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि देश के सबसे पुराने पेशेवर संस्थानों में से एक, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की स्थापना के उपलक्ष्य में हर साल 1 जुलाई को सीए दिवस मनाया जाता है। भारत की संसद द्वारा 1949 में स्थापित, आईसीएआई दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा वित्तीय लेखा परीक्षा और लेखा पेशे के लिए एकमात्र लाइसेंसिंग और नियामक निकाय है। दुनिया भर में आईसीएआई और चार्टर्ड अकाउंटेंट के लगभग 2.5 लाख सदस्यों को सम्मानित करने के लिए प्रतिवर्ष सीए दिवस मनाया जाता है।

विश्व सीए दिवस के अवसर पर योग गुरु अग्रवाल ने इस क्षेत्र से जुड़े सभी सम्मानीय सदस्यों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि जिस प्रकार एक डॉक्टर की मुस्कुराहट, उसकी दवाओं से कहीं ज्यादा असर करती है। उसी प्रकार एक सीए के सही मार्गदर्शन से अर्थ एवं व्यापार के क्षेत्र में लोग भय मुक्त एवं तनाव रहित कार्य कर पाते है एवं देश के लिए परिवार के लिए समाज के लिए विकास में अपना योगदान देते है 7 हम सभी लोगो के साथ जीवन कई बार यह अनुभव हुआ होगा जब हम आर्थिक क्षेत्र की गतिविधियों को सही प्रबंधन नहीं करने की वजह से तनाव ग्रस्त हो जाते है और कई बार बीमार भी जिसकी वजह से तरक्की के मार्ग में अवरोध होने लगता है ऐसे समय में हमारे सीए ही हमें सही मार्गदर्शन देकर विकास का मार्ग प्रशस्त करते है 7

अर्थव्यवस्था देश की वित्तीय स्थिति को दिशा देते हैं चार्टर्ड अकाउंटेंट - दुनिया भर में, भारतीय सीए अपनी बेहतर समझ और अनुकरणीय वित्तीय कौशल के लिए पहचाने जाते हैं। हमारे पवित्र शास्त्रों में, चार चीजों का उल्लेख किया गया है रिलीजन (धर्म), इकोनॉमी (अर्थ), वर्क (काम) और साल्वेशन (मोक्ष)। इनमें से अर्थव्यवस्था देश की वित्तीय स्थिति को दिशा देने की जिम्मेदारी चार्टर्ड अकाउंटेंट के कंधों पर है। किसी भी संस्थान में चार्टर्ड अकाउंटेंट अथवा सीए का काम बेहद सम्मानजनक एवं चुनौतीपूर्ण होता है। वे उस संस्थान अथवा कंपनी से जुड़े सभी अकाउंट एवं फाइनेंस संबंधी कार्यों के प्रति उत्तरदायी होते हैं। इसके अलावा इनका कार्य मनी मैनेजमेंट, ऑडिट अकाउंट का एनालिसिस, टैक्सेशन तथा फाइनेंशियल एडवाइज उपलब्ध कराने से भी संबंधित है। स्वस्थ और पारदर्शी अर्थव्यवस्था सुनिश्चित करने में हमारे मेहनती सीए समुदाय की प्रमुख भूमिका है। राष्ट्र के लिए उनकी सेवाओं का बड़ा महत्व है। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे पर बधाई।

इम्पैक्ट फीचर

स्वास्थ्य सलाह

## माउंट हॉस्पिटल में प्रदेशवासियों को मिल रही हैं अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं

विगत 4 वर्षों से माउंट मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में हो रहा आयुष्मान भारत योजना के तहत ईलाज

MOUNT HOSPITAL

**भोपाल।** अरविंद विहार, बागमुगालिया क्षेत्र में स्थित माउंट मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में 24x7 आकस्मिक, चिकित्सा उपलब्ध है। माउंट हॉस्पिटल विगत चार वर्षों से उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। हॉस्पिटल गरीब व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए आयुष्मान भारत योजना (PMJAY) के तहत निःशुल्क उपचार किया जा रहा है। सभी मेडिक्लेम और कैशलेस सुविधा भी उपलब्ध इसके अलावा CGHS, BSNL के कर्मचारी भी ईलाज के लिए क्लेम कर सकते हैं। माउंट अस्तपाल के डायरेक्टर डॉ. नरेंद्र पाल ने बताया कि वर्ष 2018 में माउंट हॉस्पिटल मल्टीस्पेशियलिटी स्थापित किया गया, जिसमें गत चार वर्षों में ही चिकित्सा व क्रिटिकल केयर में विशेष पहचान बनाई है। अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित और सर्वसुविधायुक्त माउंट अस्पताल मल्टीस्पेशियलिटी में गुर्दा रोग, हृदय रोग, मस्तिष्क रोग (पैरालाइसिस, ब्रेन हेमरेज, ब्रेन ट्यूमर व स्पाइन सर्जरी), उदर रोग, हड्डी रोग (फ्रैक्चर, विभिन्न प्रकार की ऑर्थोसर्जरी), यूरोलॉजी (दूरबीन पद्धति से पथरी का इलाज), गायनिक सर्जरी अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ के द्वारा रेगुलर ओपीडी संचालित की जा रही है। अस्तपाल में रेगुलर गायनिक ओपीडी (दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक), पिडियाट्रिक ओपीडी (शाम 7 बजे से 9 बजे तक), ईएनटी (प्रत्येक सोमवार 2 बजे से 3 बजे तक) संचालित की जा रही है।



**यह सुविधाएं उपलब्धः-** यहां पर नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, मानसिक रोग विशेषज्ञ, कार्डियोलॉजी, पिडियाट्रिक विभाग, गायनिक विशेषज्ञ, आधुनिक सर्जिकल व मेडिकल इमरजेंसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। माउंट अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना द्वारा सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। हॉस्पिटल का मुख्य उद्देश्य कम राशि में मरीजों को उत्तम सुविधाएं प्रदान करना है। अस्पताल में सभी मेडिक्लेम (स्वास्थ्य बीमा) व टीपीए इम्पेनलमेंट हैं।

**सभी प्रकार की सर्जरीः-** प्लॉस्टिक सर्जरी, न्यूरोट्रामा, ज्वॉइंट रीप्लेसमेंट एवं स्पाइन सर्जरी, गेस्टो सर्जरी, एन्डोस्कोपिक एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल एवं गायनिक सर्जरी, नाक, कान, गला सर्जरी, पिडियाट्रिक सर्जरी, फेशियो मैक्सीलरी सर्जरी की सुविधाएं भी है। इसके अलावा यहां पर अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर, सीसीयू, आईसीयू, क्रिटीकल केयर की सुविधाएं उपलब्ध है तथा 24 घंटे मेडिकल स्टोर, एम्बूलेंस सुविधा, कैंटीन, आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।



डॉ. नरेंद्र पाल
डायरेक्टर माउंट हास्पिटल

NABH द्वारा प्रमाणित

MOUNT HOSPITAL

पता : 1/637, अरविन्द विहार, बाग मुगालिया, भोपाल

संपर्क करें : फोननं. 0755-4350191, 2488888, मो. नं.9981923479,



## जन्मदिन मंगलम

**आज1 जुलाई को**

मेरी प्रेरणा, मेरे आदर्श - मेरे मार्गदर्शक,
कुशल संगठक और रण- नीतिकार,
भारतीय राजनीति के निष्कलंक प्रतिमान,
कांग्रेस पार्टी के समर्पित और निष्ठावान ध्वज - वाहक
भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री,
मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्वअध्यक्ष,
अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष
हरदिल अज़ीज़
आदरणीय भाई साहब
माननीय श्री सुरेश पचौरी जी
का जन्मदिन है!
हम सब इन शब्दों के साथ उनके
मंगलमय-सुदीर्घ जीवन की
मंगलकामना करते हैं, कि -
कितनों की तक़दीर बनाना है आपको,
कितनों को रास्ता दिखाना है आपको,
हाथों की लकीरें क्या चीज़ है,
इन लकीरों से भी आगे जाना है आपको।

## 1977 Batch के पूर्व IAS अधिकारी बने NDTV के डायरेक्टर



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा में उत्तर प्रदेश कैडर के 1977 बैच के रिटायर्ड IAS अधिकारी दिनेश मित्तल को NDTV ने डायरेक्टर नियुक्त करने की घोषणा की है। मित्तल केंद्र में फाइनेंसियल सर्विसेज विभाग के सचिव रहे हैं। उनकी नियुक्ति फिलहाल 2 वर्ष के लिए की गई है। मित्तल ने उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार में कई विभागों में महत्वपूर्ण सेवाएं दी हैं। वे बैंकिंग, इंश्योरेंस और पेंशन पॉलिसीज के विशेषज्ञ अधिकारी माने जाते हैं। वे वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन में भी काम कर चुके हैं।




• CHIRAYU MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
• CHIRAYU COLLEGE OF NURSING
• CHIRAYU PARAMEDICAL COLLEGE
• CHIRAYU FERTILITY CENTRE

CHIRAYU CANCER HOSPITAL
चिरायु कैंसर हॉस्पिटल
A UNIT OF CHIRAYU CHARITABLE FOUNDATION

चिरायु सेतु
नशे का अंत, खुशियों का सवेरा

Chirayu
HEALTH & MEDICARE (P) LTD.

A MULTI-SPECIALITY HOSPITAL WITH ULTRA-MODERN FACILITIES

Aquarius

Bhopal-Indore Highway, Bhainsakhedi, Bairagarh, Bhopal (M.P.)-462030 Ph: 0755-2709101, 02, 03
Helpline: 88895 00596 | info@cmchbhopal.com, cmchbhopal@gmail.com | www.cmchbhopal.com

## नेशनल हॉस्पिटल

A Trusted Name in Healthcare

### Cardiac Services

भोपाल की सर्वश्रेष्ठ एवं अत्याधुनिक कैथलैब
FFR/iFR/IVUS/OCT/ACR से पूर्णतः इंटीग्रेटेड



- हार्ट अटैक का विश्वस्तरीय इलाज एमरजैंसी प्राईमरी एंजियोप्लास्टी (24x7)
- अनावश्यक स्टेंट से बचाव
- जटिल (Complex) एंजियोप्लास्टी Rotablator & IVL available
- High Risk Angioplasty (IABP)
- आधुनिक तरीके से बाईपास सर्जरी

### Neuro Services

Opening Shortly



- Neurosurgery OT
- Neuro Interventional Cath Lab
- Neuro Intensive Care
- Comprehensive Stroke Unit

### Featured Services



**Medical Specialities**
- INTERVENTIONAL CARDIOLOGY
- MEDICINE
- PULMONOLOGY
- GASTROENTEROLOGY
- MULTISPECIALITY CCU
- CARDIAC ICU
- NUTRITION & DIETETICS

**Surgical Specialities**
- CARDIOTHORACIC SURGERY
- GENERAL & GI SURGERY
  LAPAROSCOPIC SURGERY
- UROLOGY
  LASER TREATMENT FOR PROSTATE & STONES
- GYNECOLOGY
- ORTHOPEDICS & JOINT REPLACEMENT
- CANCER SURGERY

CUSTOMISED HEALTH CHECK-UPS

Empanelled for Cashless Treatment for many Corporates, insurance & TPA

NATIONAL HOSPITAL
E-3/61, Arera Colony, Bhopal-462016
Tel: (0755) 2440004 to 2440008. Cell: (+91) 8190909190

## हर शिक्षण संस्थान शासकीय नीतियों के तहत चलते: सूर्यवंशी

छिंदवाड़ा। भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य शेषराव यादव के बेतुके बयान पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये शहर कांग्रेस अध्यक्ष नंदकिशोर सूर्यवंशी ने कहा कि कमलनाथ ने जिले के लगभग सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर महाविद्यालय खुलवाये वे इन्हें दिखते नहीं, दर्जनों स्किल सेंटर खुलवाये वे भी इन्हें दिखते नहीं, मेडिकल कॉलेज खुला वह भी नहीं दिखता परन्तु वह इंजीनियरिंग कॉलेज जिसे भारी मशक्कत के बाद कमलनाथ ने खुलवाने का प्रयास किया केन्द्र में भाजपा की सरकार बनते ही बंद करवा दिया गया, क्यूंकि इसके खुलते ही सम्पूर्ण प्रदेश में छिन्दवाड़ा और कमलनाथ की चर्चा और बढ़ जाती। श्री सूर्यवंशी ने भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य को यह भी समझाया कि आप स्वयं एक स्कूल के संचालक है तो इतनी जानकारी भी रखो कि कोई भी शिक्षण संस्थान केन्द्र व राज्य सरकार की नीतियों के तहत ही चलते हैं और जब भाजपा की सत्ता हो तो छिन्दवाड़ा में अच्छे कार्यों का संचालन मुश्किल होता है। आज भी एग्रीकल्चर कॉलेज अधर में अटका है, हॉर्टिकल्चर कॉलेज बिना अपने भवन के कृषि अनुसंधान केन्द्र में चल रहा है और मेडिकल कॉलेज भाजपा की बदौलत आधा किये जाने के बाद भी अपने निर्माण को तरस रहा है।

## हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना

छिंदवाड़ा। भोपाल द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले 120 घंटो के दौरान ( 01 से 05 जुलाई ) घने बादल रहने एवं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है । अधिकतम तापमान 30-32 डिग्री सेन्टीग्रेट एवं न्यूनतम तापमान 22-24 डिग्री. सेन्टीग्रेट के मध्य रहने की संभावना है । अधिकतम सापेक्षित आर्द्रता 83-88 प्रतिशत एवं न्यूनतम सापेक्षित आर्द्रता 52-67 प्रतिशत रहने की संभावना है । आने वाले दिनों में हवा पश्चिम से उत्तर-पश्चिम दिशा में बहने एवं 09-20 कि. मी. प्रति घंटे की गति से चलने की संभावना है ।

## दादा भाई नौरोजी को दी विनम्र श्रद्धांजलि

छिंदवाड़ा। जिला कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों ने राजीव कांग्रेस भवन में कांग्रेस पार्टी के संस्थापक दादा भाई नौराजी की पुण्यतिथि पर उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। देश की आजादी के लिये लड़ा गया स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका का निर्वहन करने वाले दादा भाई नौरोजी को याद कर उन्हें भावभिनी श्रद्धांजलि प्रस्तुत की। दादा भाई नौरोजी ने सन् 1885 में एओ ह्यूम के साथ मिलकर राष्ट्र की सर्वोच्च राजनैतिक दल कांग्रेस पार्टी की स्थापना की थी। कांग्रेस पार्टी को उनके तीन चरणों के अध्यक्ष कार्यकाल का कुशल नेतृत्व भी प्राप्त हुआ। आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सुरेश कपाले, अखलेश पवार, रमेश बेले, संदीप सिंदराम, बलराम चौहान, राजेश धुर्वे, चंदू ठाकरे सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



छिंदवाड़ा। नगर पालिक निगम के सभाकक्ष में सेवा निवृत्त हुए छः कर्मचारियों को विदाई दी गई। नगर पालिक निगम में तीन दशक से अधिक समय तक अपनी सेवा देने सुरेंद्र सोनी,कैलाश बेलवंशी, प्रभा नंदा, चिरौंजी मालवी, मुन्नालाल कुमरे एवं रमेश चंदेल को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस कार्यक्रम में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे, उपायुक्त कमलेश निरगुड़कर, कार्यालय अधीक्षक मोहन नागदेव, शेखर पटेल सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वस्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

## जिले में अभी तक 209.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

छिन्दवाड़ा। जिले में अभी तक 209.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 174.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 30 जून को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 14.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 30 जून को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिन्दवाड़ा में 12.4, मोहखेड़ में 4.2, तामिया में 6, अमरवाड़ा में 13, चौरई में 8, हर्रई में 44.8, बिछुआ में 1.3, परासिया में 37.1, जुन्नारदेव में 32.6, चांद में. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 140.8, मोहखेड़ में 142.1, तामिया में 281, अमरवाड़ा में 216.6, चौरई में 207.7, हर्रई में 489.4, सौंसर में 69, पांढुर्णा में 67, बिछुआ में 113.7, परासिया में 288.7, जुन्नारदेव में 302.6, चांद में 190.1 और उमरेठ में 210.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## मनीष जैन ( तारण ) संभागीय अध्यक्ष नियुक्त



अमरवाड़ा। पुरानी पेंशन बहाली के लिए बरसों से संघर्ष करते हुए,विभिन्न विभागों के कर्मचारी शासन से बार-बार मांग पत्र, निवेदन, ज्ञापन, एवं धरना दे रहे हैं, फिर भी शासन का ध्यान कर्मचारियों की ओर नहीं जा रहा, प्रांतीय अध्यक्ष अनिल कुमार सूर्यवंशी जी द्वारा क्रांतिकारी पुरानी पेंशन प्राप्त करने हेतु, संगठन मनाया गया जिसमें अमरवाड़ा शिक्षक मनीष कुमार जैन जोकि एवं ( स्काउट गाइड ) प्रभारी के रूप में हायर सेकेंडरी हड़ाई स्कूल में पदस्थ हैं, आपको जबलपुर संभाग की कमान सौंपी गई, सभी सम्माननीय साथियों ने बधाई एवं मंगल शुभकामनाएं प्रेषित की

### संगठन का मुख्य उद्देश्य

एन पी एस की राशि का 100त्न बापसी, नियुक्ति दिनाँक से वरिष्ठता को बहाल करते हुए पुरानी पेंशन की बहाली,मध्यप्रदेश के समस्त विभागों के अनुकम्पा से वंचित सभी परिवारों को अनुकम्पा नियुक्ति, क्रमोन्नति तत्काल दी जावे। नए नियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक से 100 प्रतिशत का वेतन भुगतान किया जावे।

# प्रधान मंत्री पकरिया गांव में ग्रहण करेंगे कोदो भात-कुटकी खीर

शहडोल जिले पकरिया गांव अद्भुत एवं अविस्मरणीय है। जनजातीय संसार में जीवन अपनी सहज निश्छलता के साथ आदिम मुस्कान बिखेरता हुआ सात रंग के इंद्रधनुष की तरह गतिमान है। शहडोल जिले का पकरिया गांव सघन वनों से आच्छादित एक ऐसा गांव है, जहाँ साल, सागौन, महुआ, कनेर, आम, पीपल, बेल, कटहल, बांस और अन्य पेड़ों की हवाएं उन्नत मस्तकों का गौरव-गान करती है। उनकी उपत्यकाओं में अपने कल-कल निनाद से आनंदित करती सोन नदी की वेगवाही रजत-धवल धाराएँ मानो, वसुंधरा के हरे पृष्ठों पर अंकित पारंपरिक गीतों की मधुर पंक्तियाँ है।

पकरिया गांव में लगभग 4700 लोग निवास करते हैं,जिसमें से लगभग 2200 लोग मतदान करते हैं। गांव में लगभग 700 घर जनजातीय समाज के हैं। जिनमें गोंड समाज के 250, बैगा समाज के 255, कोल समाज के 200, पनिका समाज के 10 तथा अन्य समाज के लोग निवास करते हैं। पकरिया गांव में 3 टोला है, जिसमें जल्दी टोला, समदा टोला एवं सरकारी टोला शामिल है।

जनजातियों का नृत्य-संगीत प्रकृति की लीला-मुद्राओं का अनुकरण

ढोल, माँदर, गुदुम, टिमकी, डहकी, माटी माँदर, थाली, घंटी, कुंडी, ठिसकी, चुटकुलों की ताल पर जब बाँसुरी, फेफरिया और शहनाई की स्वर-लहरियों के साथ भील, गोंड, कोल, कोरकू, बैगा, सहरिया, भारिया आदि जनजातीय युवक-युवतियों की तरह बुंदेलखंड-शिखर थिरक उठते हैं, जनजातियों का नृत्य-संगीत प्रकृति की इन्हीं लीला-मुद्राओं का तो अनुकरण है।

पकरिया गांव का जनजातीय समुदाय अद्भुत एवं अद्वितीय इसलिए भी है कि यहां के जनजातियों के रीति रिवाज, खानपान, जीवन शैली सब अविस्मरणीय है??। जनजातीय समुदाय प्रायः प्रकृति सान्निध्य में रहते हैं। इसलिये निसर्ग की लय, ताल और राग-विराग उनके शरीर में रक्त के साथ संचरित होते हैं। वृक्षों का झूमना और कीट-पतंगों का स्वाभाविक नर्तन जनजातियों को नृत्य के लिये प्रेरित करते हैं। हवा की सरसराहट, मेघों का गर्जन, बिजली की कौंध, वर्षा की साँगीतिक टिप-टिप,पक्षियों की लयबद्ध उड़ान ये सब नृत्य-संगीत के उत्प्रेरक तत्व हैं।

नृत्य-संगीत जनजातीय जीवन-शैली का अभिन्न अंग

नृत्य मन के उल्लास की अभिव्यक्ति का सहज और प्रभावी माध्यम है। संगीत सुख-दुख यानी राग-विराग को लय और ताल के साथ प्रकट करता है। कहा जा सकता है कि नृत्य और संगीत मनुष्य की सबसे कोमल अनुभूतियों की कलात्मक प्रस्तुति हैं। जनजातियों के देवार्चन के रूप में आस्था की परम अभिव्यक्ति के प्रतीक भी। नृत्य-संगीत जनजातीय जीवन-शैली का अभिन्न अंग है। यह दिन भर के श्रम की थकान को आनंद में संतरित करने का उनका एक नियमित विधान भी है।

गोंड समुदाय के 'सजनी' गीत-नृत्य की भाव-मुद्राएँ चमत्कृत

गांव में गोंड जनजाति समूह में करमा, सैला, भड़ौनी, बिरहा, कहरवा, ददरिया, सुआ आदि नृत्य-शैलियाँ प्रचलित हैं। गोंड समुदाय के 'सजनी' गीत-नृत्य की भाव-मुद्राएँ चमत्कृत करती हैं। इनका दीवाली नृत्य भी अनूठा होता है। माँदर, टिमकी, गुदुम, नगाड़ा, झांझ, मंजीरा, खड़ताल, सींगबाजा, बाँसुरी, अलगोझा, शहनाई, बाना, चिकारा, किंदरी आदि इस समुदाय के प्रिय वाद्य हैं। बैगा माटी माँदर और नगाड़े के साथ करमा, झरपट और ढोल के साथ दशहरा नृत्य करते हैं। विवाह के अवसर पर ये बिलमा नृत्य कराते हैं। बारात के स्वागत में किया जाने वाला परघौनी नृत्य आकर्षक होता है। छेरता नृत्य नाटिका में मुखौटों का अनूठा प्रयोग होता है। इनकी नृत्यभूषा और आभूषण भी विशेष होते हैं।

भील जनजाति समूह के लोग नृत्य को 'सोलो' या 'नास' कहते हैं। लाहरी, पाली, गसोलो, आमोसामो, सलावणी, भगोरिया आदि इस जनजाति समूह की बहु प्रचलित नृत्य-शैलियाँ हैं। भील नृत्य के साथ प्रायः बड़ा ढोल, ताशा, थाली, घंटी, ढाक, फेफरिया, पावली ( बाँसुरी ) आदि वाद्यों का प्रयोग करते हैं।

पकरिया गांव के जनजातीय समाज के लोगों की पूजन अर्चन

पकरिया गांव में भील जनजाति समूह में हरहेलबाब या बाबदेव, मइड़ा कसूमर, भीलटदेव, खालूनदेव, सावनमाता, दशामाता, सातमाता, गोंड जनजाति समूह में महादेव, पड़ापेन या बड़ादेव, लिंगोपेन, ठाकुरदेव, चंडीमाई, खैरमाई, बैगा जनजाति में बूढ़ादेव, बाघदेव, भारिया दूल्हादेव, नारायणदेव, भीमसेन और सहरिया जनजाति में तेजाजी महाराज, रामदेवरा आदि की पूजा पारंपरिक रूप से प्रचलित है। पूजा-अनुष्ठान में मदिरा और पक्वान्न का भोग लगता है। भीलों के त्योहारों में गोहरी, गल, गढ़, नवई, जातरा तो गोंडों में बिदरी, बकबंदी, हरढिली, नवाखानी, जवारा, छेरता, दिवाली आदि प्रमुख हैं।

पकरिया गांव के जनजातियों का विशेष भोजन

पकरिया गांव के जनजातियों का विशेष भोजन कोदो, कुटकी, ज्वार, बाजरा, साँवा, मक्का, चना, पिसी, चावल आदि अनाज जनजाति समुदायों के भोजन में शामिल हैं। महुए का उपयोग खाद्य और मदिरा के लिये किया जाता है।आजीविका के लिये प्रमुख वनोपज के रूप में भी इसका संग्रहण सभी जनजातियाँ करती हैं। बैगा,भारिया और सहरिया जनजातियों के लोगों को वनौषधियों का परंपरागत रूप से विशेष ज्ञान है।बैगा कुछ वर्ष पूर्व तक बेवर खेती करते रहे हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पकरिया गांव में ग्रहण करेंगे कोदो भात-कुटकी खीर

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का शहडोल जिले के ग्राम पकरिया में 1 जुलाई को कार्यक्रम है जहां प्रधानमंत्री शहडोल जिले के स्थानीय जनजातीय, संस्कृति एवं परंपराओं से अवगत होंगे। यह दिन शहडोल के लिए बहुत ही ऐतिहासिक दिन होगा। ऐसा पहली बार होगा जब प्रधानमंत्री देसी अंदाज में जनजातीय समुदाय के साथ जमीन पर बैठकर कोदो भात- कुटकी खीर ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम में पूरी व्यवस्था को भारतीय परंपरा एवं संस्कृति के अनुसार तैयार जा रहा है। प्रधानमंत्री के भोज में मोटा अनाज को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। पकरिया गांव की जल्दी टोला में प्रधानमंत्री के भोज की तैयारी जोर ङ्क शोर से चल रही है।

# क्या आम आदमी पार्टी आज शक्ति प्रदर्शन में हो पाएगी सफल, ग्वालियर में केजरीवाल : मान की सभा मे जुट पाएंगे एक लाख लोग



ग्वालियर। आम आदमी पार्टी इस बार एमपी के विधानसभा चुनावो में तीसरी शक्ति बनने की कोशिश कर रही है। उसने सभी 230 सीटों पर प्रत्याशी उतारने का ऐलान कर अपने चुनावी अभियान का श्रीगणेश कर दिया है। इसी के चलते आम आदमी पार्टी ने आज ग्वालियर में एक बड़ी सभा रखी है । पार्टी इसमें भीड़ दिखाकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना चाहती है । उसका दावा है कि इस सभा मे एक लाख लोगों की भीड़ जुटेगी। सभा को पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान संबोधित करेंगे ।

### सवा दो घण्टे शहर में रहेंगे केजरीवाल

ग्वालियर के मेला मैदान में आयोजित इस रैली में भाग लेने ग्वालियर आ रहे केजरीवाल और मान सवा दो घण्टे रुकेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार दोनो सवा तीन बजे ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे विमानतल पर पहुंचेंगे और सर्किट हाउस पहुंचकर एक बैठक करेंगे। यहां से चार बजे वे सभा स्थल पहुंचेंगे। सभा से फिर सर्किट हाउस पहुंचकर पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में भाग लेने के बाद शाम साढ़े पांच बजे वायुयान से वापिस दिल्ली लौट जाएंगे।

### एक लाख लोगों के आने का दावा

आप इस रैली के जरिये अपनी सियासी ताकत दिखाना चाहती है। उसका दावा एक लाख की भीड़ जुटाने का है । अगर वह ऐसा कर पायेगी तो वह कांग्रेस और बीजेपी दोनो को चौंकायेगी । रैली को सफल बनाने के लिए केजरीवाल ने बीते एक माह से ग्वालियर चम्बल में पूरी ताकत झोंक रखी है । दिल्ली के अनेक विधायक और हरियाणा के नेता यहां डेरा डाले हुए हैं।

### यह रहेगी ट्रेफिक व्यवस्था

आम आदमी पार्टी की सभा मे जुटने वाली भीड़ के मद्देनजर पुलिस ने यातायात व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। पुलिस द्वारा बनाये गए ट्रेफिक चार्ट के अनुसार शहर के पांचों जगह ट्रेफिक डायवर्ट रहेगा। डीएसपी ट्रेफिक के अनुसार ङ्कढ्ढक्कआने के बाद एयरपोर्ट से गोला का मंदिर और रेसकोर्स रोड के ट्रेफिक दवाब कम करने के लिए दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक आम जन वैकल्पिक मार्गो की तरफ डायवर्ट होंगे। यातायात व्यवस्था के अनुसार भिण्ड की तरफ से आने वाले वाहन बेहटा होते हुए बारादरी मुरार के रास्ते शहर में प्रवेश करेंगे। जबकि भिण्ड की ओर जाने वाले सभी सवारी वाहन सिमको तिराहा, निरावली होते हुए भिण्ड जाएंगे। इसी तरह मुरैना से आने वाले वाहन निरावली से अटल द्वार,गोले का मंदिर चौराहा होकर प्रवेश करेंगे।

डॉक्टर्स डे हम सभी को मरीजों के प्रति अपने दायित्व कासना कराता है साथ ही समाज मैं डॉक्टर की भूमिका को भी रेखांकित करता है एक अच्छा स्वास्थ्य जीवन का आधार है पटेल नगर में क्लीनिक संचालित करने वाली डॉक्टर व्हाट्सएप पटेल ने सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की



## आम रास्ता दिए जाने की मांग



**छिंदवाड़ा।** शहर के वार्ड क्रमांक 22 इमलिया बोहता के वार्डवासियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर आम रास्ता दिए जाने की मांग की है। वार्डवासियों का कहना है कि वे विगत 25 वर्षो से निवास कर रहे हैं। जो कि वर्तमान में जिस रास्ते से आ जा रहे हैं वह जमीन धनपाल पीताम्बर लाल पाटनी की है जो वर्तमान में आने जाने से मना कर रहे हैं। और फैंसिंग लगाने लगे हैं। वार्डवसियों का कहना है कि उनके करीबअ 25 मकान हैं जिसमें निवासरत लोगों को रास्ता बंद हो जाने पर परेशानी होगी पूर्व मे पटवारी के द्वारा आने जाने हेतु नक्शें में रास्ता बताए गए थे। वार्डवासियों ने तत्काल रास्ता दिलवाने की मांग की है।

## श्री राम दरवार की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न

### जल बिहार में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



छतरपुर। महाराजपुर तहसील के ग्राम मटौंधाबेसन में श्री राम दरवार की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम एवं श्रीराम महायज्ञ श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हो गया। सात दिन तक चले इस कार्यक्रम में पूरा गांव तन मन धन से समर्पित होकर व्यवस्थायें बनाने में जुटा रहा। कार्यक्रम का समापन भगवान के जलबिहार करने के साथ हो गया।पत्रकार कल्याण महासंघ के प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष एवं दैनिक परिहार गर्जना के संपादक तथा इस कार्यक्रम के मुख्य व्यवस्थापक रामबाबू सिंह परिहार ने बताया कि गत 21 जून से विशाल कलश यात्रा के साथ भगवान श्रीराम के दरवार की प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ यज्ञाचार्य शिवदत्त शुक्ला सोमवेदी एवं आचार्य श्री मिश्रा के मार्गदर्शन में हुआ था। इसके बाद प्रतिदिन दिन में यज्ञ, पूजा पाठ एवं श्रीराम कथा का वाचन होता रहा। इस धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र के बड़े-बड़े विद्वान आचार्यगण शामिल रहे। 27 को पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हो गया। इस भंडारे में जिले के कोने-कोने से श्रद्धालु शामिल हुये एवं प्रसाद ग्रहण कर अपने जीवन को धन्य बनाया।

यह भी हुये शामिल इस भंडारे में जनता जनार्दन के अलावा राजनेताओं में विधायक नीरज दीक्षित, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के कुलपति बृजेन्द्र सिंह गौतम, भाजपा जिलाध्यक्ष मलखान सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह परिहार, जनपद अध्यक्ष के पति राकेश पाठक, महेश मातौल सहित क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े नेता एवं सरपंच-पंच शामिल हुये एवं प्रसाद ग्रहण कर श्रीराम दरवार में मत्था टेंका।

हनुमान जी के चोले का श्री परिहार ने कराया विसर्जन

इस धार्मिक अनुष्ठान में ग्राम में विराजे श्री हनुमान जी की प्राचीन मूर्ति का संपादक रामबाबू सिंह परिहार द्वारा विधि विधान के साथ चोला उतरवाया गया जिसका विसर्जन उन्होंने यज्ञाचार्य श्री शिवदत्त शुक्ला के साथ प्रयागराज जाकर संगम में विधि विधान से करवाया।

## प्रदेश में विशेष आयुष्मान ग्राम सभा का आयोजन आज

छिन्दवाड़ा। राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा एक जुलाई को प्रदेश में विशेष आयुष्मान ग्राम सभा का आयोजन किया गया है । इस विशेष आयुष्मान ग्राम सभा में विभिन्न गतिविधियां संपादित की जायेंगी । आयुष्मान ग्राम सभाओं/कार्यक्रम स्थल पर आयुष्मान योजना से संबंधित प्रचार-प्रसार सामग्री/बेनर निर्धारित प्रारूप में प्रदर्शित किये जायेंगे । एक जुलाई 2023 को सभी ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री जी के शहडोल में आयोजित कार्यक्रम का लाइव वेब कास्ट किया जायेगा जिसके लिये टेलीविजन की व्यवस्था के साथ ही उचित बैठक व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। आदिवासी विकासखण्डों में यह निर्धारित कार्यक्रम पंचायत भवन के स्थान पर हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पर आयोजित किया जायेगा । ग्राम सभाओं में आयुष्मान भारत योजना के सभी हितग्राहियों के नामों का वाचन किया जायेगा और जनप्रतिनिधियों द्वारा आयुष्मान भारत योजना के लाभों के बारे में जानकारी देने के साथ ही हितग्राहियों को पी.वी.सी. कार्ड वितरित किये जायेंगे । साथ ही योजना के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों द्वारा मंच से अपने अनुभव साझा किये जायेंगे। पी.वी.सी. कार्ड वितरण करते समय ई-केवायसी की जाना अनिवार्य है जिसे ग्राम रोजगार सहायकों द्वारा किया जायेगा ।

## स्कूल पर लगा प्रतिबंध हाईकोर्ट ने हटाया

शिवपुरी - जिला मुख्यालय पर संचालित सेंट चार्ल्स स्कूल पर कुछ दिनो पूर्व प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। डीईओ शिवपुरी के इस आदेश को लेकर स्कूल प्रबंधन के द्वारा उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया स्कूल की सुनवाई करते हुए न्यायालय के द्वारा लगाया प्रतिबंध हटा दिया गया है,जो अगली सुनवाई तक जारी रहेगा। साथ ही जिला शिक्षा विभाग स्कूल के खिलाफ कोई एक्शन नहीं ले सकेगा।आदेश की एक प्रति प्रिंसिपल सेक्रेटरी स्कूली शिक्षा विभाग भोपाल,कलेक्टर शिवपुरी सहित जिला शिक्षा अधिकारी शिवपुरी को भेजी गई है।

**न्यायालय तहसीलदार पिपरिया, जिला - नर्मदापुरम् (म. प्र. )**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद पिपरिया रा.प्र.क्र. 0004/अ-20 ( 5 )/2023-24
मौजा- देवगांव पिपरिया तहसील पिपरिया

म.प्र.शासन......................................आवेदक

**बनाम**

**उद्घोषणा**

......................................अनावेदक

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद् पिपरिया द्वारा ग्राम देवगाव पिपरिया रा.नि.म. पिपरिया तहसील पिपरिया स्थित भूमि ख.न. 55 रकवा 0.5220 है. भूमि स्थानीय निकाय हेतु भूमि आवंटन/नजूल भूमि स्थायी पट्टा स्वयं संस्था के नाम हेतु मांग की गई है। न्यायालय तहसीलदार पिपरिया में राजस्व प्रकरण 0004/ अ-20 ( 5 )/2023-24 दर्ज किया जाकर विचाराधीन है।

उक्त भूमि आवंटन में जिस किसी व्यक्ति संस्था को प्रश्नाधीन भूमि के आवंटन में कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये हो, या वैध प्रतिनिधि द्वारा न्यायालय तहसीलदार पिपरिया के समक्ष उपस्थित होकर पेशी दिनांक 07 जुलाई 2023 के पूर्व अथवा दिनांक तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 24 जून 2023 को मेरे हस्ताक्षर एक न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**तहसीलदार पिपरिया**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**अनधिकृत कॉलोनी, प्रकोष्ठ**

क्र.2966/अ.कॉ.प्र./2023 भोपाल, दिनांक 26.06.2023

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम भोपाल द्वारा ग्राम खजूरीकलां भूमि खसरा क्रमांक घ/1/9 नया खसरा क्रमांक 177/2/2/4/2/छ/क, 177/घ/1, रकबा 0.142 पर 31.12.2016 से पूर्व स्थापित कॉलोनी महादेव इक्लेव को अनधिकृत कॉलोनी में शामिल किया गया है।

अतः सर्वसाधारण से अपेक्षा की थी कि म.प्र. राजपत्र दिनांक 13.01.2022 के भाग तीन के नियम 23 ( 3 ) के परिपालन में भूखण्ड/भवन हितधारकों जिनका हित निहित हो वह अपनी आपत्तियां अथवा सुझाव सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करने हेतु सार्वजनिक सूचना 2110 दिनांक 29.05.2023 को प्रकाशित कराई गई थी। 15 दिवस की अवधि में उक्त कॉलोनी के संबंध में कोई भी आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है।

अतः उक्त खसरे पर स्थापित कॉलोनी के संबंध में प्राप्त अभिन्यास के संबंध में पुनः आपत्ति सुझाव आमंत्रित की जाती है कि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति अथवा सुझाव हों तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति/सुझाव लिखित रूप से भवन अनुज्ञा शाखा, शाहपुरा में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। अभिन्यास का अवलोकन कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल, भवन अनुज्ञा शाखा, शाहपुरा भोपाल में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में किया जा सकता है।

सू.क्र.581/023/024

**आयुक्त एवं सक्षम प्राधिकारी**
**नगर पालिक निगम भोपाल**

# कांग्रेस ने17सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

### क्षेत्रीय विधायक एवं एसडीएम ने जिले का प्रसिद्ध खेल मैदान आधा खत्म करवा दिया, कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पराज पटेल

सोहागपुर। जिला, ब्लाक एवं नगर कांग्रेस के तत्वाधान में कांग्रेस ने पूर्व घोषित हल्ला बोल हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत आज देनवा लॉज के समीप से रैली निकाली ।इस रैली में कांग्रेस जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल ,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आलोक जायसवाल ,नगर कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक सविता दीवान, पूर्व उपाधक्षसंतोष मालवीय, रणवीरसिंह पटेल, कांग्रेस नेता आदित्य पलिया पिपरिया, हरगोबिंद पुरबिया के अलावा सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के कई नामचीन नेताओं के अलावा भारी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। रैली एसडीएम कार्यालय के सामने सभा के रूप में परिणित हुई।इस सभा को जिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पराज पटेल ,पूर्व विधायक सविता दीवान ,पूर्व नपाध्यक्ष संतोष मालवीय, पूर्व नपाध्यक्षअभिलाषसिंह चंदेल ,आदित्य पलिया पिपरिया सहित कई वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक एवं प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। सभा उपरांत एसडीएम कार्यालय के अनुविभागीय अधिकारी अखिल राठौर को ज्ञापन सौंपते,पूर्व नपाध्यक्ष संतोष मालवीय ने कहा कि आप गरीबों को रेवाबनखेड़ी मार्ग से हटाकर ग्राम चर्रन बोदी भेजना चाहते हैं।यह सब भाजपा के जनप्रतिनिधियों के इशारे पर कर.रहे हैं।आप कालोनियों काटने वालों को पट्टे दे रहे हैं। वहीं गरीबों को हटा रहे हैं। वहींआपने आरोप लगाते.कहा कि आपने कुछ दिन.पहले अम्बेडकर वार्ड में चीन चीन कर अतिक्रमण हटाया। कई भाजापाई के मकान छोड़ दिए ?वहीं रात को 12बजे जब लोग सोते रहते हैं।एक विधवा जो अपने बच्चों के साथ सो रही थी तब रात 12बजे जेसीबी मशीन से उसका मकान तोड़ने की कोशिश की गई। जब वह विधवा बच्चों सहित चिल्लाई तब जेसीबी मशीन चालक मशीन छोड़कर भाग गया। उल्लेखनीय है कि एसडीएम कार्यालय के सामने समाजसेवी के बनाए प्रतीक्षालय को भी उल सुबह 5बजे तोड़ दिया गया था।



आपने यह भी सैकड़ों नागरिकों के सामने कहा कि आपके कार्यलय के सामने जो डिवाइडर बनवाया है।इसके यातायात रूक जाता है। नागरिकों को परेशानी होती है। आप 18, 19 कार्य कर ले ।लेकिन किसी के एजेंट बनकर कार्य न करें। उल्लेखनीय है कि अम्बेडकर वार्ड में पार्षद जिसने नगर पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनाव को न्यायालय में चुनोती दी है।उस पार्षद पति पूर्व पार्षद मोहन.कहार का काफी जगह जमीदोंज कर दी थी।संतोष मालवीय ने पुनः आरोप लगाया कि नगर परिषद के चुनाव पूर्व सरदार एवं रामगंज में भाजपा के नीरज यादव का मकान जो अतिक्रमण में था आपने वहां कार्यवाही रोदी।इधर.शास्त्री वार्ड में एक जनप्रतिनिधि का मकान नाले पर अतिक्रमण था।कार्यवाही रोक दी। कुछ निष्पक्ष होकर कार्य करें।जनता एवं आप भी जानते हैं ।कि किसके इशारों से कार्य किया जा रहा है। श्री मालवीय ने यह भी आरोप लगाते कहा कि एक तरफ तो मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान पौधारोपण कर रहे हैं।लेकिन सोहागपुर में करीबन सौ से अधिक वृक्षों को काट दिया गया। जिसकी मै लिस्ट भी दे सकता हूं। लेकिन आपने सी4माल के मालिकों के द्वारा सरकारी जमीन पर बनी डी.पी के कारण वहां झाड नहीं कटवाया।





## वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस समारोह

# शुभारंभ


प्रधानमंत्री
**नरेन्द्र मोदी** द्वारा

## राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन

20 जनजातीय बहुल जिलों के 2 लाख हितग्राहियों को
सिकल सेल जेनेटिक काउंसिलिंग कार्ड का वितरण

## 1 करोड़ आयुष्मान कार्ड का वितरण

**1 जुलाई, 2023**
दोपहर 3:00 बजे
जिला शहडोल, मध्यप्रदेश



मंगुभाई पटेल, राज्यपाल



शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

सीधा प्रसारण pmindiawebcast.nic.in DDNEWS @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D-11053/23

मध्यप्रदेश शासन